डाक पंजीयन नं. 99/2021–23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया
आधुनिक समाचार
प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-3



PG-8

सिनेमाः ऋषिकेश में गंगा में लगाई डुबकी

वर्ष -08 अंक -44
प्रयागराज, गुरूवार 21 अप्रैल, 2022
पृष्ठ- 8
मूल्य : 2.00 रूपये

संक्षिप्त समाचार

पर्यावरण की चिंता है तो कपड़े कम खरीदिए

नई दिल्ली। फैशन और ट्रेंड के साथ तो सभी चलना चाहते हैं। बदलते फैशन के हिसाब से नए कपड़े और जूते का शौक भी खूब होता है लेकिन कभी सोचा है कि आपका यह फैशन पर्यावरण पर कितना भारी पड़ सकता है। आस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी आफ टेकनेलाजी सिडनी के शोधकर्ताओं समांथा शार्प, मोनिक रेटमल और टेलर ब्रिजेज ने इस संबंध एक रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट दिखाती है कि जलवायु परिवर्तन के खतरों से बचने के लिए फैशन पर लगाम कितनी जरूरी है। अगर कोई बड़ा बदलाव नहीं आया तो 2050 तक वैश्विक तापमान वृद्धि को दो डिग्री सेल्सियस तक रोकने के लिए अधिकतम जिस स्तर तक वैश्विक कार्बन उत्सर्जन रखने की बात है, उसका 25 प्रतिशत उत्सर्जन अकेले फैशन इंडस्ट्री से होगा। 40 प्रतिशत कम हो गया है किसी कपड़े को पहने जाने का औसत समय 35 प्रतिशत ज्यादा जमीन की आवश्यकता होगी 2030 तक फाइबर बनाने के लिए 75 प्रतिशत कम करनी होगी नए कपड़ों की खरीद, यदि जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटना है- संसाधनों के उपभोग पर विचार करने की जरूरत है।

ग्लोबल सेंटर फार ट्रेडिशनल मेडिसिन का शिलान्यास करेंगे पीएम

नई दिल्ली। पीएम नरेन्द्र मोदी तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी कई परियोजनाओं की सौगात देंगे। मंगलवार को वे बनास डेयरी संकुल में बहुद्देश्यी परियोजनाओं और जामनगर में परंपरागत औषधि के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के ग्लोबल आयुष सेंटर की आधारशिला रखेंगे। पीएम मोदी मंगलवार सुबह बनासकांठा में नया डेयरी काम्प्लेक्स और आलू प्रसंस्करण संयंत्र देशवासियों को समर्पित करेंगे। नया डेयरी काम्प्लेक्स और आलू प्रसंस्करण संयंत्र 600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। नया डेयरी काम्प्लेक्स एक ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट है। इस डेयरी काम्प्लेक्स में रोजाना 30 लाख लीटर दूध को प्रोसेस किया जा सकेगा। इसके अलावा यहां 80 टन मक्खन, एक लाख लीटर आइसक्रीम, 20 टन खोया और 6 टन चाकलेट का उत्पादन होगा। आलू प्रसंस्करण संयंत्र विभिनन्न प्रकार के प्रसंस्कृत आलू उत्पादों का उत्पादन करेगा, जैसे फ्रेंच फ्राइज, आलू के चिप्स और आलू टिक्की, अन्य चीजों के साथ पैटीज, इनका कई अन्य देशों में निर्यात किया जाएगा। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पीएम मोदी जामनगर में डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फार ट्रेडिशनल मेडिसिन (जीसीटीएम) का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के प्रमुख ट्रेडोस अढानम घेब्रेयेसस भी मौजूद रहेंगे। जीसीटीएम दुनिया भर में पारंपरिक चिकित्सा के लिए पहला और एकमात्र वैश्विक केंद्र होगा। यह ग्लोबल वेलनेस के अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में उभरेगा। डब्लूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक डा. पीके सिंह ने कहा कि मैं डब्लूएचओ ग्लोबल सेंटर फार ट्रेडिशनल मेडिसिन की मेजबानी करने के लिए भारत सरकार को बधाई देती हूं। यह वैश्विक स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने के लिए पारंपरिक चिकित्सा की पूरी क्षमता का उपयोग करने के उद्देश्य से एक पहल है। जामनगर में ग्लोबल सेंटर उत्कृष्टता का केंद्र होगा जो साक्ष्य और सीखने के उपयोग को बढ़ावा देगा और सुरक्षित, प्रभावी और साक्ष्य-आधारित पारंपरिक दवाएं देने में मदद करेगा। ये केंद्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों में चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियों के अंतर-निर्माण की सुविधा प्रदान करेगा। यह हर उम्र के लोगों के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने और कल्याण को बढ़ावा देने के एउउ 3 लक्ष्य को आगे बढ़ाने में भी काम करेगा।

गुरु तेग बहादुर के सम्मान में जारी होगा डाक टिकट और सिक्का

नई दिल्ली। सिख गुरु तेग बहादुर के 400वें प्रकाश पर्व पर 20 और 21 अप्रैल को लाल किले पर भव्य समागम होगा। इस मौके पर केंद्र सरकार की ओर से उनके सम्मान में डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया जाएगा। इस दो दिनी समागम में 20 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हिस्सा लेंगे, जबकि 21 अप्रैल को समागम के समापन मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे और लोगों को संबोधित भी करेंगे। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने सोमवार को पत्रकारों से चर्चा में समागम से जुड़ी जानकारी दी। गुरु तेग बहादुर जी के योगदान पर एक लाइट एवं साउंड शो का भी आयोजन होगा। इसके साथ ही करीब चार सौ बच्चों की ओर से शबद कीर्तन भी प्रस्तुत किया जाएगा। गौरतलब है कि सिख गुरु तेग बहादुर जी के 400 वें प्रकाश पर्व के आयोजन को लेकर केंद्र सरकार ने एक उच्च स्तरीय कमेटी भी गठित है। जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री सहित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी सहित प्रमुख लोगों को शामिल किया गया था। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति मंत्रालय व दिल्ली सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से किया गया है।

पूरी दुनिया में फिर सिर उठाने लगी है कोरोना महामारी इटली के पीएम भी हुए संक्रमित, जानें- कैसा है हाल

नई दिल्ली । देश और दुनिया में एक बार फिर से कोरोना महामारी का प्रकोप दिखाई देने लगा है। दुनिया के कई देशों में एक बार फिर से मामले बढ़ने की वजह से लोगों की चिंता भी बढ़ गई है। भारत की ही बात करें तो यहां पर बीते 24 घंटों के दौरान 100 फीसद मामले बढ़ गए हैं। दुनिया के दूसरे देशों में भी कमोबेश यही हाल है। इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्राघी भी कोरोना संक्रमित हो गए हैं। रायटर के अनुसार ताइवान में लगातार चार दिनों से एक हजार से अधिक लोकली ट्रांसमिटेड मामले सामने आ रहे हैं। सोमवार को यहां पर कोरोना के 1390 नए मामले सामने आए हैं। सेंट्रल एपिडेमिक कमांड सेंटर के मुताबिक न्यूताइपे में ही करीब 500 मामले सामने आए हैं। इसके अलावा ताइपे सिटी में 270 मामले सामने आए हैं। इसी तरह से ताओयुआन, कीलुंग, यिलान, हुलियान समेत अन्य शहरों में भी नए मामले रिकार्ड किए गए हैं। के मुताबिक कोरोना के कुल सामने आने वाले नए मामलों में से करीब 90 इंपोर्टेड हैं। बता दें कि ताइवान में कोरोना के कुल 35983 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इनमें से करीब 26144 लोकली ट्रांसमिटेड हैं जबकि 9785 मामले इंपोर्टेड हैं। यहां पर इससे अब तक 854 मरीजों की मौत हो चुकी है। रायटर की खबर के मुताबिक कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए वर्ल्ड बैंक ने कहा है कि मौजूदा वित्त वर्ष में 11 बिलियन डालर की वैक्सीन वैक्सीन खरीदेगा। जून 2021 में ही कोरोना की रोकथाम में वर्ल्ड बैंक की खर्च की गई राशि 157 बिलियन डालर की हो चुकी है। रायटर कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते दूसरा विश्व स्तरीय सम्मेलन उर्द्दत् एल्स्सू अगले माह किया जाएगा। ये सम्मेलन वर्चुअली होगा जिसमें भविष्य में इसके खतरे और इससे निपटने के विकल्पों पर विचार किया जाएगा। एक बयान के मुताबिक कोरोना के लगातार नए वैरिएंट समूची दुनिया के लिए खतरा बने हुए हैं।

आजादी के गुमनाम नायकों को अब जानेगा पूरा देश, तेज होगी तलाश, केंद्र ने राज्यों को दिया खोज निकालने का लक्ष्य

नई दिल्ली। देश की आजादी के लिए मर-मिटने वाले वीर योद्धाओं और आंदोलनों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाले गुमनाम नायकों को अब पूरा देश जानेगा। आजादी के अमृत महोत्सव के इस पड़ाव में केंद्र सरकार ने देश भर से ऐसे गुमनाम नायकों को खोज निकालने की एक बड़ी मुहिम शुरू की है, जिन्हें या तो लोग भूल चुके है फिर आजादी में दिया गया उनका योगदान स्थानीय स्तर पर ही सिमटकर रह गया था। केंद्र ने सभी राज्यों से भी इस दिशा में बढ़ चढ़कर काम करने पर जोर दिया है। केंद्र सरकार की ओर से संस्कृति मंत्रालय ने सभी राज्यों को ऐसे एक लाख गुमनाम नायकों को खोज निकालने का लक्ष्य दिया है। साथ ही बताया है कि इस मुहिम के तहत अब तक देशभर से दो हजार नायकों को खोजकर निकाला जा चुका है। इनसे जुड़ी जानकारी को आजादी के अमृत महोत्सव के पोर्टल पर गुमनाम नायकों के नाम से प्रदर्शित की जा रही है। मंत्रालय के मुताबिक देशभर से ऐसे गुमनाम नायकों की पहचान के बाद इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की भी मुहिम शुरू की जाएगी। साथ ही इनकी यादों को सहेजने की भी कोशिश की जाएगी। हालांकि, अभी इसका स्वरूप तय नहीं किया गया है। संस्कृति मंत्रालय फिलहाल राज्यों से मिल रही गुमनाम नायकों से जुड़ी जानकारियों की प्रामाणिकता को जांचने के बाद उन्हें तेजी से आजादी के अमृत महोत्सव पोर्टल पर अपलोड करने में जुटी है। इसके तहत उत्तर प्रदेश से अब तक 63 गुमनाम नायकों को अपलोड दिया गया है, जिसमें प्रतापगढ़ के पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय व जग्गी बाई हो या फिर प्रयागराज की दुर्गा भाभी हो। सभी शामिल है। इसी तरह से बिहार से 86 नायकों को अब तक राष्ट्रीय स्तर पर तैयार हो रही गुमनाम नायकों की सूची में शामिल किया गया है।

चीन के 40 नागरिक फर्जी तरीके से बन गए भारतीय कंपनियों के निदेशक, हो रही कड़ी कार्रवाई

मुंबई। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा (ईओडब्लू) ने 60 विदेशियों समेत 150 लोगों के खिलाफ फर्जीवाड़े के मामले में 34 प्राथमिकी दर्ज की हैं। इनमें चीन के 40 नागरिक समेत 60 विदेशी शामिल हैं। पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इन लोगों पर नई कंपनियों के पंजीकरण के नियमों का कथित तौर पर उल्लंघन कर धोखाधड़ी से भारतीय कंपनियों का निदेशक बनने का आरोप है। अधिकारी ने कहा कि प्राथमिकी एक से 15 अप्रैल के बीच दर्ज की गई थीं। मंगलवार तक चार और प्राथमिकी दर्ज की जाएंगा जिन 60 विदेशियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं, उनमें 40 चीन और बाकी सिंगापुर, ब्रिटेन, ताइवान, अमेरिका, साइप्रस, संयुक्त अरब अमीरात और दक्षिण कोरिया के हैं। ईओडब्लू के एक अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, आरोपितों ने मुंबई में आरओसी (कंपनियों के रजिस्ट्रार) को गलत जानकारी दी थी। कुछ मामलों में कंपनियों के पते गलत पाए गए। 34 प्राथमिकी में 30 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए), 30 कंपनी सचिव (सीएस) और कंपनियों के निदेशकों के भी नाम हैं। आरओसी, मुंबई द्वारा दायर शिकायतों के अनुसार, विदेशी नागरिक फर्जीवाड़ा कर भारतीय कंपनियों में निदेशक और मालिक बन गए। कंपनी अधिनियम की धारा 447 (धोखाधड़ी) के साथ आपराधिक साजिश और आपराधिक विर्श्वासघात के लिए भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की विभिनन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। ये शिकायतें मरीन ड्राइव थाने में दर्ज कराई गईं।

सरकार ने जैश कमांडर नेंगरू को घोषित किया आतंकी

नई दिल्ली। प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मुहम्मद (जेईएम) के कमांडर आशिक अहमद नेंगरू को केंद्र सरकार ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर में विभिनन्न आतंकवादी घटनाओं में शामिल होने के लिए आतंकवादी घोषित किया। पिछले एक पखवारे में नेंगरू पांचवां ऐसा व्यक्ति हैं जिसे केंद्र ने आतंकवादी घोषित किया है। एक अधिसूचना में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि नेंगरू, जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों में शामिल रहा है। वह केंद्र शासित प्रदेश में विभिनन्न आतंकी घटनाओं को अंजाम देने का भी जिम्मेदार है। मंत्रालय ने कहा कि नेंगरू (34) कश्मीर में एक आतंकी सिंडिकेट चला रहा है। वह जम्मू-कश्मीर में आतंक फैलाने के खतरनाक अभियान में लगा हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि भारत की सुरक्षा के लिए नेंगरू को खतरे के रूप में देखा जा रहा है। आतंकी कृत्यों से रोकने के लिए उसे गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) के प्रविधानों के तहत एक आतंकवादी के रूप में नामित किया गया है। 20 नवंबर 1987 को जन्मा नेंगरू जम्मू-कश्मीर के पुलवामा का रहने वाला है। उसका भाई अब्बास अहमद नेंगरू, जैश ए मुहम्मद का एक सक्रिय आतंकवादी था। वह 2013 में मारा गया था।

आम्रपाली के हजारों घर खरीदारों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, लोन अकाउंट को एनपीए करने पर लगाई रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने रियल एस्टेट कंपनी आम्रपाली समूह की विभिनन्न रिहायशी परियोजनाओं में फ्लैट बुक कराने वाले हजारों को खरीदारों को बड़ी राहत दी है। शीर्ष अदालत ने बैंकों को निर्देश दिया है कि लोन नहीं चुकाने वाले खरीदारों के लोन अकाउंट को एनपीए घोषित नहीं करें और न ही उन पर कोई पेनाल्टी लगाएं।शीर्ष अदालत ने कहा कि फ्लैट पर कब्जा मिलने तक खरीदारों को ईएमआइ का भुगतान भी नहीं करना होगा। बैंक कर्ज की मूल रकम और उस पर ब्याज के हकदार होंगे। मौजूदा मामले में फ्लैट खरीदारों, आम्रपाली समूह की कंपनियों और बैंकों के बीच एक योजना (सबवेंशन) पर समझौता हुआ था। इसके मुताबिक फ्लैट पर कब्जा मिलने तक खरीदारों को कोई ईएमआइ नहीं देनी थी। इस योजना के तहत करीब 10,000 लोगों ने फ्लैट खरीदे हैं। लेकिन आम्रपाली समूह की तरफ से की गई चूक के चलते वे फ्लैट मिले बिना ही ईएमआइ का भुगतान करने की देनदारी से परेशान थे।

साइबर स्पेस में कोई भी खतरा हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को करता है प्रभावितः अजीत डोभाल

नई दिल्ली। अजीत डोभाल ने सोमवार को कहा कि साइबर स्पेस में कोई भी खतरा देश की सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा को सीधे तौर पर प्रभावित करता है, इसलिए भारत को अपने साइबर स्पेस की रक्षा करनी चाहिए। सरकार के वरिष्ठ प्रबंधन और तकनीकी कर्मचारियों को समकालीन साइबर खतरों और साइबर घटनाओं से निपटने के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय साइबर अभ्यास (एनसीएक्स) के उद्घाटन के मौके पर उन?होंने यह बात कही। अजीत डोभाल ने कहा कि देश में डिजिटल क्रांति हो रही है। बड़ी संख्या में डिजिटल सेवाओं के शुभारंभ के साथ सरकार, साइबर सुरक्षा किसी भी सफल डिजिटल बदलाव की नींव बनी हुई है और डिजिटल दुनिया के लिए कोई भी खतरा देश को कई तरह से प्रभावित कर सकता है। एनसीएक्स को 18 से 29 अप्रैल तक सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस) के सहयोग से भारतीय डेटा सुरक्षा परिषद (डीएससीआई) के साथ मिलकर रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा समर्थित ज्ञान भागीदार के रूप में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए मंच साइबरएक्सर टेकनेलॉजीज द्वारा प्रदान किया जा रहा है, जो एक एस्टोनियाई साइबर सुरक्षा कंपनी है जिसे विश्व स्तर पर कई बड़े पैमाने पर साइबर अभ्यास आयोजित करने के लिए मान्यता प्राप्त है। एनएससीएस के एक अधिकारी ने कहा कि 140 से अधिक अधिकारियों को रणनीतिक अभ्यासों के साथ प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रतिभागियों को विभिनन्न प्रमुख साइबर सुरक्षा क्षेत्रों जैसे घुसपैठ का पता लगाने की तकनीक, मैलवेयर सूचना साझाकरण प्लेटफॉर्म (एमआईएसपी), भेद्यता प्रबंधन और प्रवेश परीक्षण, नेटवर्क प्रोटोकॉल और डेटा प्रवाह, और डिजिटल फोरेंसिक पर प्रशिक्षित किया जाएगा। एनसीएक्स इंडिया रणनीतिक नेताओं को साइबर खतरों को बेहतर ढंग से समझने, तैयारी का आकलन करने और साइबर संकट प्रबंधन और सहयोग के लिए कौशल विकसित करने में मदद करेगा। इससे साइबर सुरक्षा कौशल, टीम वर्क, योजना, संचार, महत्वपूर्ण सोच और निणन्य लेने के विकास और परीक्षण में भी मदद मिलेगी।

आधुनिक गेस्ट हाउस
विशेषताएं -
- पूर्णत: वाटर प्रूफ (टीन शेडेड)
- गेस्ट हाउस के भीतर ही पार्किंग की सुविधा
- गेस्ट हाउस के भीतर ही मन्दिर
- सम्पूर्ण बैंक्वेट हाल में एसी की सुविधा
- सम्पूर्ण गेस्ट हाउस में सीसीटीवी कैमरे की सुविधा
- छोटे-बड़े समस्त कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग रेट
- लगभग 45000 sq. ft. एरिया के हरे-भरे वातावरण में विस्तृत गेस्ट हाउस

आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औद्योगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औद्योगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज
बुकिंग सम्पर्क सूत्र 7897336268, 9554372578, 9415608783, 9415608710
SATYAM # 9305124298

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक संघ , प्रयागराज की ओर से बैठक आयोजित की गयी

(अधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। इस बैठक में 21-04-2022 को होने वाली गवर्नमेंट अप्रेंटिसशिप रोज़गार मेले पर चर्चा की गयी एंव दिनांक 17-04-2022 को यूनाइटेड इंजीनियरिंग कॉलेज में सभी उद्यमियों के साथ बैठक आयोजन करने पर विचार विमर्श किया गया। जिस्में निर्णय लिया गया की कल दोपहर 2 बजे बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में महा प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र अजय चौरसिया , राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य एस के श्रीवास्तव , उप प्रधानाचार्य एस के गुप्ता , अनुदेशक वी एस शुक्ला, संघ (उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक संघ) के अध्यक्ष अरविन्द राय, संघठन मंत्री नीरज कुमार , कोषाध्यक्ष के खान , आई टी हेड अनंत चंद्र , मीडिया प्रभारी पुनीत अरोरा जी ऐंव अन्य उद्यमी मौजूद रहे।

प्रयागराज क्षेत्र के चौक मोहल्ले में स्थित 1938 से संचालित केसर विद्यापीठ में आज स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। 1942 में प्रेसिडेंट रहे एडवोकेट राम प्रसाद गुप्ता जी की स्मृति में उनके सुपुत्र डा0 प्रताप चंद्र गुप्ता (न्यूरो सर्जन) अमेरिका निवासी, ने स्मार्ट क्लास के लिए पूर्णतया डोनेशन दिया । इस अवसर पर माननीय जस्टिस सूर्य प्रकाश केसरवानी जी ने उद्घाटन किया। आज ही के दिन हेल्थ चेकअप कैंप का भी आयोजन किया गया। कोविड वैक्सीन भी लगाया गया। लगभग 250 लोगो ने अपना हेल्थ चेकअप करवाया और वैक्सीन लगवाई। इस अवसर पर केसर विद्यापीठ के सभी पदाधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित रहे। एडवोकेट राम प्रसाद गुप्त जी के परिवार से उनके सुपौत्र अशोक कुमार गुप्ता (इनके सुपुत्र अभिषेक गुप्ता मीडिया जगत से), सुपौत्री आशा गुप्ता (इनके पुत्र रितेश), भांजे राजेश सपतने प्रभा , (लखनऊ से) उपस्थित रहे और सम्मानित हुए।

vivo Y73 · Shot by Abhishek Gupta ji

जनपद के 05 स्वास्थ्य केन्द्रों पर लगे ब्लाक स्वास्थ्य मेले

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

प्रतापगढ़। जनपद के 5 सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोहड़ौर, सण्डवा चण्डिका,मानधाता,सुखपालनगर एवं लक्ष्मणपुर में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयुष्मान भारत ब्लाक स्वास्थ्य मेले का भव्य आयोजन किया गया। सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोहड़ौर, सण्ड़वा चन्द्रिका, सुखपालनगर में ब्लाक स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ माननीय विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा किया गया।इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, एसीएमओ डा0 सीपी शर्मा सहित अधीक्षक व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लक्ष्मणपुर व मानधाता में ब्लाक स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ माननीय विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसीएमओ डा0 आर0एस0 राम सहित अधीक्षक व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।ब्लाक स्वास्थ्य मेले में विभिनन सेवाओं से सम्बन्धित प्रचार प्रसार सामग्री हेतु स्टॉल लगाया गया तथा मेले में आने वाले समस्त लाभाथिर्यों का थर्मल स्कैनिंग एवं हैण्ड वाशिंग हेल्प डेस्क के माध्यम से करायी गयी। विभिनन प्रकार की स्वास्थ्य योजनाओं यथा कोविड-19, परिवार कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, टीकाकरण, जे0एस0वाई, जे0एस0एस0के0, 102/108 एम्बुलेन्स सेवाओं, आयुष्मान भारत योजना कार्यक्रम, संचारी एवं गैर संचारी रोग नियंत्रण के साथ-साथ पोषण अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, युवा कल्याण विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग से सम्बन्धित सुविधा, जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।ब्लाक स्वास्थ्य मेले में कुल 2838 व्यक्तियों का पंजीकरण करते हुये उन्हें उपचारित किया गया। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत आने वाले 93 लाभाथिर्यों के गोल्डेन कार्ड बनाये गये। 755 व्यक्तियों की डिजिटल हेल्थ आई0डी0 बनायी गयी। 175 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। 202 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुये उन्हें सम्बन्धित दवाइ्यों एवं परामर्श प्रदान किया गया।

प्रयागराज में एक और प्रतियोगी छात्र ने लगायी फांसी..........

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

प्रयागराज। क्षिशवकुटी थाना क्षेत्र के क्षसूलाबाद में रहने वाले प्रतियोगी छात्र सादिक अहमद (22) ने फांसी लगाकर जान दे दी। मौत का कारण पता नही चल पाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी के अनुसार मृतक मूल रूप से गाजीपुर के रानीपुर गांव का था रहने वाला था और रसूलाबाद में किराए के कमरे में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। मृतक के माता-पिता को सूचना दे दी गयी है। इधर पुलिस की पड़ताल जारी है। जानकारी हो कि अलग-अलग कारणों से पिछल हफ़्तों में कई प्रतियोगियों ने अपने कमरे में फांसी लगा आत्महत्या की है। इनमें युवतियां भी शामिल हैं।

पार्वती हॉस्पिटल में आग दो मरीज़ को रेस्क्यू करने का मॉक ड्रिल सम्पन

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

प्रयागराज। अगिन शमन विभाग ने रविवार सुबह पार्वती हॉस्पिटल में आग लगने का मॉक ड्रिल किया। ड्रिल के अनुसार आग लगने की सूचना अस्पताल के प्रबंधन ने फायर ब्रिगेड को दी। जिसके बाद क्विक रिस्पांस करते हुए दस मिनट के अंदर फायर ब्रिगेड की टीम सीएफओ डॉ राजीव कुमार पाण्डेय और अगिनशमन अधिकारी नागेन्द्र प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में पार्वती अस्पताल पहुंची। फायर ब्रिगेड ने सबसे पहले अस्पताल के प्रथम तल में लगी आग को बुझाया। उसके बाद अस्पताल के अंदर फंसे दो लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। जिसके बाद उन्हें एंबुलेंस के जरिए दम घुटने से बेहोश लोगों को दूसरे अस्पताल में भेजा गया। अगिन सुरक्षा सप्ताह के तहत अगिन शमन विभाग की ओर से यह माक ड्रिल कराई जा रही थी। गर्मी के सीजन में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही है। जिसके मद्देनजर डीजी फायर के निर्देश पर पूरे प्रदेश में 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अगिन सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत, स्कूलों, अस्पतालों और बारात घरों में माक ड्रिल कराकर लोगों को आग लगने की घटनाओं के प्रति सेंसेटाइज किया जा रहा है। इस मौके पर अस्पताल के फायर फाइटिंग उपकरणों की जांच की गई और सीएफओ द्वारा अस्पताल कमिन्यों को फायर उपकरणों को चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। डॉ राजीव पाण्डेय,सीएफओ प्रयागराज।

छात्रवृत्ति न आने पर एनएसयूआई ने जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री का सौपा ज्ञापन सौंपा

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर के नेतृत्व में छात्रो ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पैदल चलकर छात्रवृत्ति न आने पर नारेबाजी के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पर आक्रोश ब्यक्त किया। साथ ही उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी को छात्रवृत्ति निर्गत हो संबंध में द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर आग्रह किया कि छात्र मध्यम वर्ग से आते है और छात्रवृत्ति के आशा से आगे की पढ़ाई संचालित कर पाते हैं, अभिवावकों के रोजी रोजगार इस कोरोना में छीन गए है महंगाई से नूंन रोटी नही चल पा रहा कॉलेज की फ़ीस छात्र आख़िर कैसे भरें छात्रों का एक स्वर में आग्रह था कि छात्रों युवाओं के भविष्य अंधकार मय हो रहा सरकार इस पर पुनः विचार करें अन्यथा लाखों की तादाद में छात्र आगे की पढ़ाई से वंचित हों जावेगा एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने कहा कि सरकार कहती है कि छात्रवृत्ति के लिए बजट नहीं है तो पूंजीपतियों के लाखों करोड़ों में कर्जा माफी के लिए बजट है छात्रों की छात्रवृत्ति शुल्क भरपाई संबंधित बजट क्यों नहीं प्रदेश महासचिव अजय पांडेय बागी कहते है कि छात्रों का कमर तोड़ने में कोई कसर नही छोड़ रही यह सरकार यह सरकार छात्र विरोधी है। कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर,अजय पांडेय बागी,अभिषेक शुक्ल,वैभव सिंह अनजान,शिवम पटेल,अर्पित केसरवानी इत्यादि रहें।

प्रयागराज के नामी एडवोकेट राम प्रसाद गुप्ता के स्मृति मे सैकड़ो लोगो ने कराया निःशुल्क हेल्थ चेकअप ,लगी वैक्सीन

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

प्रयागराज। शहर क्षेत्र के चौक मोहल्ले में स्थित 1938 से संचालित केसर विद्यापीठ में आज रविवार को स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया। इस दौरान माननीय जस्टिस सूर्य प्रकाश केसरवानी ने उद्घाटन किया। आज ही के दिन हेल्थ चेकअप कैंप का भी आयोजन किया गया। कोविड वैक्सीन भी लगाया गया। जिसमे लगभग 250 लोगो ने अपना निःशुल्क हेल्थ चेकअप करवाया और वैक्सीन लगवाई स्मरण हो कि 1942 में प्रेसिडेंट रहे एडवोकेट राम प्रसाद गुप्ता जी की स्मृति में उनके सुपुत्र डा0 प्रताप चंद्र गुप्ता(न्यूरो सर्जन)अब अमेरिका निवासी हो गए,उन्होंने इस स्मार्ट क्लास के लिए भरपूर अपनी योगदान देकर इसे शिक्षा की नये-नये आयाम विकसित करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर आज ही के दिन हेल्थ चेकअप कैंप का भी आयोजन किया गया। कोविड वैक्सीन भी लगाया गया।लगभग 250 लोगो ने अपना हेल्थ चेकअप करवाया और वैक्सीन लगवाई। समारोह के इस दौरान केसर विद्यापीठ के सभी पदाधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित रहे।एडवोकेट राम प्रसाद गुप्त जी के परिवार से उनके सुपौत्र अशोक कुमार गुप्ता इनके सुपुत्र अभिषेक गुप्ता मीडिया जगत से, सुपौत्री आशा गुप्ता इनके पुत्र रितेश, भांजे राजेश सपतनि प्रभा, लखनऊ से उपस्थित रहे और सम्मानित हुए।

माननीय उपमुख्यमंत्री जी से उ0 प्र0 अपराध निरोधक समिति के चेयरमैन एवं अनुसचिव- चेयरमैन की शिष्टाचार भेट हुआ

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के प्रांतीय चेयरमैन श्री कमलेश श्रीवास्तव जी, अनुसचिव-चेयरमैन (लखनऊ) उ0प्र0 श्री संतोष कुमार श्रीवास्तव जी, व विपिन कुमार (प्रभारी मीडिया सेल) माननीय उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्या जी से शिष्टाचार भेंट कर मुलाकात किये, मुलाकात में उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के कार्यो एवं विस्तार पर चर्चा किया गया। चर्चा के दौरान माननीय उपमुख्यमंत्री जी, पुलिस व प्रशासन की सहयोग करने वाली संस्था उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की सराहना कर श्री श्रीवास्तव को संस्था की कार्यो को ईमानदारी पूर्वक करने पर बधाई दिए व भविष्य में भी संस्था के साथ खड़े है, ऐसा आश्वासन दिये।

गर्मी आते ही रुलाने लगी बिजली 22 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप

(आधुनिक समाचार सेवा)

प्रयागराज। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से लोग परेशान है। 22 घंटे से कल्याणी देवी पावर हाउस से निकलने वाली सप्लाई ठप पडी हुई है। मीरापुर, रसूलपुर इलाके में कल शाम चार बजे से मंगलवार दो बजे तक विद्युत आपूर्ति नहीं आने से मोहल्ले वासी बिलबिला गये है। बिजली न आने से पानी की भी समस्या खडी हो गयी है। लोगों के घरों में पीने का पानी भी नहीं बचा है। वहीं भीषण गर्मी में छोटे-छोटे बच्चे बीमार पड रहे है वहीं रमजान के महीने पर रोजेदारों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। यही हाल शहर के कई इलाकों मे देखने को नही मिल रहा है। हफ़्ते भर से विद्युत आपूर्ति चरमरा गयी है। इलाकों के पार्षदों ने भी हाथ खडे कर लिये है। वही अधिकारी भी बोलने को तैयार नहीं है। लगातार बिजली कटौती से मीरापुर, धूमनगंज, नैनी, चौक, सिविल लाइंस, बेनीगंज, करैली, अटाला जैसे कई क्षेत्रो में लोगो को दिक्कतो का सामना करना पड रहा है। वही कई जगहो पर तो ट्रांसफार्मर में आग लगने से विद्युत आपूर्ति ठप पडी हुई है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित
ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

क0सं0	ट्रेड का नाम	ट्रेड की अवधि	योग्यता
1.	कोपा	1 वर्ष	12वीं पास
2.	फिटर	2 वर्ष	10वीं पास
3.	बेसिक कम्प्युटिंग	6 माह	साक्षर
4.	डाटा इंट्री ऑपरेटर	6 माह	10वीं पास
5.	फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी	6 माह	8वीं पास
6.	सेक्योरिटी सर्विस	6 माह	8वीं पास
7.	कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली	1 वर्ष	10वीं पास
8.	सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन	1 वर्ष	10वीं पास
9.	इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स	1 वर्ष	8वीं पास
10.	रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग	1 वर्ष	8वीं पास
11.	योगा असिस्टेन्ट	1 वर्ष	10वीं पास
12.	वेल्डिंग टेक्नोलॉजी	1 वर्ष	8वीं पास
13.	कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स	1 वर्ष	10वीं पास

1.प्रमाण पत्रः- सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 30 अप्रैल 2022

सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790

फर्जी केश मे गिरफ्तार पत्रकारों की रिहाई के मांग को लेकर बलिया बंद का शहर से कस्बों तक दिख रहा व्यापक असर

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल प्रसाद गुप्त

बलिया। उत्तर-प्रदेश के बागी बलिया जिले मे बीते दिनो यूपी बोर्ड पेपर लीक संबंधित खबर छापने के मामले मे फर्जी तरीके से गिरफ्तार कर जेल भेजे गए पत्रकारो की रिहाई व डीएम एसपी की निलंबन को लेकर उपजे मामले में संयुक्त पत्रकार संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर आज शनिवार को बलिया बंद रहा है। जिले के सभी व्यापारिक, सामाजिक,शिक्षक और छात्र संगठनों ने बंद को समर्थन दिया है। बलिया बंद का शहर से लेकर कस्बों तक व्यापक असर दिख रहा है। जनपद मे शहर से लगायत ग्रामीण अंचल के पत्रकारो ने बन्दी को सफल बनाने के लिए सड़क पर उतर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते दिखे। प्राप्त जानकारी के अनुसार यूपी बोर्ड 12वीं के अंग्रेजी पेपर लीक मामले में पत्रकारों की रिहाई अभी तक नहीं हुई है। पत्रकारों की रिहाई की मांग को लेकर कई संगठनों ने आज बलिया बंद कर दिया है। लोगों ने बाइक मार्च निकालकर रिहाई की मांग भी रखी है। निर्दोष पत्रकारों की रिहाई और जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निलंबन के लिए संयुक्त पत्रकार संघर्ष मोर्चा के आंदोलन के समर्थन में बलिया बंद का असर शहर से लेकर कस्बों तक दिख रहा है। जिले मे सुबह से ही सारी दुकाने बंद हैं। चौक-चौराहों पर जमा लोग जिला प्रशासान के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।

बलिया बंद को जिले विभिनन्न महाविद्यालयों के छात्र संगठनों और व्यापारी संगठनों ने समर्थन दिया है।शहर के कासिम बाजार, चौक, गुदरी बाजार, चमन सिंह बागरोड, विजय सिनेमा रोड, एलाईसी रोड, तहसील रोड, नया चौक, भृगु आश्रम, कदम चौराहा, मालगोदाम, जापलिनगंज, स्टेशन रोड, आर्यसमाज रोड, सुतरपट्टी रोड, शास्त्रीनगर, गड़हा मोहल्ला, ओक्डेनगंज, सेनानी उमाशंकर चौराहा, यूको बैंक चौराहा, हॉस्पिटल रोड, चित्तू पांडेय रोड, गांधी नगर आदि मार्गो पर व्यापारियों ने दुकानों को बंद कर रखा है। एक स्वर से लोगों ने कहा कि जब देश का सच उजागर करने वालों को गिरफ्तार करना अन्याय है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने पर आमजन से प्रशासन किस तरह से निपटेगा। ऐसे में एकजुटता जरूरी है। संयुक्त पत्रकार संघर्षी मोर्चा के सदस्यों के साथ ही शिक्षक नेता जितेंद्र सिंह, व्यापारी नेता प्रदीप गुप्ता एडवोकेट, रजनीकांत सिंह, मंजय सिंह, विकास पांडेय लाला, पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्ता ,राहुल सिंह सागर,अपने सहयोगियों के साथ सुबह से ही बंदी को सफल बनाने के लिये नगर का भ्रमण करते हुए व्यापारियों से अनुरोध करते रहे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह बंदी सरकार एवं जिला प्रशासन के लिए संदेश है कि जनपद के सभी वर्ग के लोग पेपर लीक मामले में सच लिखने वाले गिरफ्तार निदीष पत्रकारो के साथ हैं। कहा कि जब तक गिरफ्तार तीनों पत्रकार साथियों की सम्मान रिहाई नहीं हो जाती तब यह आंदोलन एवं प्रदर्शन जारी रहेगा बिल्थरारोड में व्यापारियों ने किया सहयोग रही पूर्ण बंदी जिले के बिल्थरारोड मे संयुक्त पत्रकार मोर्चा बलिया के बंदी के आह्वान पर स्थानीय पत्रकारों ने शनिवार को 8 बजे रेलवे चौराहा पर इकट्ठा हुए। तत्पश्चात एक जुलूस के शक्ल में सभी चौधरी चरण सिंह तिराहे की तरफ चल पड़े। इस दौरान पत्रकारों ने गिरफ्तार तीनों पत्रकार साथियों की रिहाई व जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जुलूस चौधरी चरण सिंह तिराहा से बस स्टेशन, बस स्टेशन गली होकर पूरे नगर का चक्रमण करते पुनः रेलवे चौराहा पहुंच कर सम्पनन्न हो गई। इस दौरान नगर के व्यापारी गण, प्रबुद्ध वर्ग एवं नागरिकों ने भी पत्रकारो के इस बंदी को अपना भरपूर समर्थन एवं सहयोग दिया इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह बंदी सरकार एवं जिला प्रशासन के लिए संदेश है कि जनपद के सभी वर्ग के लोग पेपर लीक मामले में सच लिखने वाले गिरफ्तार निदीष पत्रकारो के साथ हैं। कहा कि जब तक गिरफ्तार तीनों पत्रकार साथियों की सम्मान रिहाई नहीं हो जाती तब यह आंदोलन एवं प्रदर्शन जारी रहेगा फूलो की नगरी सिकन्दरपुर मेरे दिखा बंदी का अस जिले मे फूलो की नगरी के नाम से विख्यात बलिया जनपद के सिकंदरपुर मे भी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पत्रकार संगठन द्वारा सिकंदरपुर में दुकानों को सुबह से ही बंद करा दिया गया ।इस दौरान सारे व्यापारियों ने अपनी दुकानों को बंद रखा। पत्रकारों के समर्थन में समाजवादी छात्र सभा व भाकपा माले खुलकर के उतर गए तथा उन्होंने पत्रकारों के साथ सिकंदरपुर कस्बे में भ्रमण कर सभी दुकानों को बंद करवाया । पत्रकारो के समर्थन मे बैरिया में पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह ने संभाला मोर्चा बैरिया में पत्रकारों द्वारा घोषित बंदी को सफल बनाने के लिए पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह अपने सैकड़ों समर्थको संग सड़क पर उतर कर बंदी को समर्थन दिया। पूर्व विधायक के समर्थकों ने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सुरेंद्र सिंह ने यह घोषणा किया कि मंगलवार को अपने समर्थको के साथ मंगल पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर डीएम-एसपी की बुद्धि शुद्धि के लिए कलेक्ट्रेट पर चल रहे धरना प्रदर्शन /क्रमिक अनशन पर पहुंचेंगे। संयुक्त पत्रकार संघर्ष मोर्चा अगर भूख हड़ताल की घोषणा करता है तो भूख हड़ताल पर भी बैठ जाएंगे पत्रकारो के समर्थन मे किसान फोर्स ने रतसर बाजार कराया बन्द जिले के रतसर नगर पंचायत की अधिकांशत दुकाने शनिवार 12 बजे तक बंद रहीं।रतसर नगर के गाँधी आश्रम पर पुलिस मुस्तैद दिखी।सब कुछ शांति पूर्ण ढंग से हुआ। किसान फोर्स के संस्थापक ए0के0 सिंह ने पत्रकारों की जेल से अविलंब रिहाई की मांग करते हुए कहा कि पत्रकारों को शिक्षा माफियाओ के सच उजागर करने का दंड दिया जा रहा है।इसको लेकर आम जनता में क्षोभ के साथ आक्रोश भी है। किसान मजदूर अपने लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को हिलने नहीं देगा। यदि यूपी सरकार अपने जिला प्रशासन को सही जाँच का निर्देश दे तो पेपर लीक का सच सिरे से उजागर होजाएगा और जेल में बंद तीन पत्रकारों की रिहाई होगी। साथ ही बलिया जिला प्रशासन को निदीष पत्रकारों के उत्पीड़न के लिए पछतावा भी होगा। समर्थन में किसान फोर्स जिलाध्यक्ष देवेन्द्र, छोटेलाल, बिरबल, संजय, गोरख यादव, दया राम, अच्छे लाल, घनश्याम, बलवंत, पत्रकारों के साथ हर मौके पर थे।

संयुक्त पतकार संघर्ष मोर्चा

लाल बहादुर शास्त्री जी की पहचान सादा जीवन और उच्च विचार बिरेन्द्र गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल प्रसाद गुप्त

बलिया।बलिया।देश के पत्रकार हितो के लिए संघर्षशील जर्नलिस्ट वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विरेंद्र गुप्ता ने आज रविवार को अपने संगठन के तेजस्वी पदाधिकारियों के साथ लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए देश में पत्रकारों के लिए बेहतर माहौल बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान जर्नलिस्ट वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विरेंद्र गुप्ता ने हमारे संवाददाता से एक खास वार्ता मे कहा कि सादगी की मिसाल लाल बहादुर शास्त्री जी जिन्हें आप और हम भारत के दूसरे प्रधानमंत्री के रूप में याद करते हैं. लाल बहादुर शास्त्री जी ने स्वतंत्रता संग्राम में अहम रोल अदा किया, उत्तर-प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और 1964 में देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने.1966 में हुए पाकिस्तान के साथ युद्ध में उनके निणन्यों की वजह से भारत ने पाकिस्तान को मार भगाया था. लाल बहादुर शास्त्री को चाहे लोग किसी भी बात के लिए जानें लेकिन जो शब्द उनके व्यक्तित्व को बखूबी दर्शाते थे वह हैं सादगी,उच्च विचार और शिष्टाचार है। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी गांधी जी के विचारों और जीवनशैली से बेहद प्रेरित थे.शास्त्रीजी ने स्वतंत्रता आंदोलन में गांधीवादी विचारधारा का अनुसरण करते हुए देश की सेवा की और आजादी के बाद भी अपनी निष्ठा और सच्चाई में कमी नहीं आने दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि शास्त्री जी का प्रधानमंत्री पद के लिए कार्यकाल राजनैतिक सरगमियों से भरा और तेज गतिविधियों का काल था.पाकिस्तान और चीन भारतीय सीमाओं पर नजरें गडाए खड़े थे तो वहीं देश के सामने कई आर्थिक समस्याएं भी थीं. लेकिन शास्त्री जी ने हर समस्या को बेहद सरल तरीके से हल किया. किसानों को अनन्दाता मानने वाले और देश के सीमा प्रहरियों के प्रति उनके अपार प्रेम ने हर समस्या का हल निकाल दिया.जय जवान,जय किसानङ्के साथ उन्होंने देश को आगे बढ़ाया, 1966 में ही उन्हें भारत का पहला मरणोपरांत भारत रतन का पुरस्कार भी मिला था जो इस बात को साबित करता है कि शास्त्री जी की सेवा अमूल्य है। जर्नलिस्ट वेलफेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बिरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि आज राजनीति में जहां हर तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। वहीं शास्त्री जी एक ऐसे उदाहरण थे जो बेहद सादगी पसंद और ईमानदार व्यक्तित्व के स्वामी थे.अपनी दूरदर्शिता की वजह से उन्होंने पाकिस्तान को गिड़गिडाने पर विवश कर दिया था.हालांकि ताशकंद समझौता भारत की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा पर फिर भी उन्होंने दुनिया को भारत की ताकत का अंदाजा दिला दिया था।

मण्डलायुक्त ने फाफामऊ पुल के मरम्मत के कार्यों में लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की

पीपे के पुल के मार्गों पर लेवलिंग और पानी का छिड़काव निरंतर हो-मण्डलायुक्त

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

प्रयागराज।मण्डलायुक्त संजय गोयल एवं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने फाफामऊ पुल पर हो रहे मरम्मत के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने कार्यों में तेजी लाये जाने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए पीड्ब्लूडी के एन0एन0 डिवीजन-1 को निर्देशित किया कि टीम बनाकर कार्यों को गुणवत्तापूर्ण रूप से किया जाये। उन्होंने पीपे के पुल पर बिजली की व्यवस्था दुरूस्त कराये जाने के निर्देश बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता को दिए। उन्होंने खराब स्ट्रीट लाइटों को तत्काल बदले जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिशाषी अभियंता को निर्देशित किया कि पीपे के पुल के पास जे0सी0बी मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित रहे तथा जहां पर भी गड्ढ़ा हो जाता है, उसको निरंतर लेवलिंग करते रहे तथा पानी की छिड़काव आदि की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को फाफामऊ पुल पर खराब स्ट्रीट लाइटों को बदले जाने के लिए कहा है।

सेंट जेवियर्स की वार्षिक समारोह मे मेधावी छात्र धीरज -मिस्टर,छात्रा-तबस्सुम को मिस की तगमा से नवाजा गया

समारोह मे मेधावी छात्र-छात्राऐ उपहार व सम्मान पाकर हुए गदगद

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल प्रसाद गुप्त

बलिया।जिले के शिक्षा की क्षेत्र मे अग्रणी व देवरिया-मऊ-बलिया मे अपनी एक अलग पहचान बना चुके सेंट जेवियर्स स्कूल पिपरौली बड़ागांव में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं की कड़ी मे इस नये सत्र के लिए मिस्टर व मिस सेंट जेवियर्स के चुनाव कर उन्हे सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य मेधावी छात्रो को उपहार उन्हे नवाजा गया।इस दौरान समारोह मे स्कूल के छात्र-छात्राऐ उपहार और सम्मान अपनो के बीच पाकर काफी गदगद नजर आए। जिले के बिल्थरारोड पिपरौली-बड़ागांव स्थित सेंट जेवियर्स के आयोजित इस समारोह को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल डा0जे0आर0 मिश्र ने कहा कि छात्र-छात्राओं के पुरस्कार का निर्धारण शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा विभिनन्न आयामों में दिए गए उत्कृष्ट योगदान को ध्यान में रखकर किया गया है। उन्होने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के प्रतिभा कौशल में निखार आता है।जो उन्हें आगे बढ़ने में सहायक होती है। इस समारोह में नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल डा0जे0 आर0 मिश्र व वाइस प्रिंसिपल शीला मिश्रा ने बच्चों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कक्षा 12 ए के गणित वर्ग के छात्र धीरज यादव को मिस्टर सेंट जेवियर्स व कामर्स वर्ग की छात्रा हायफा तबस्सुम को मिस सेंट जेवियर्स के खिताब से नवाजा गया । इसके अलावा कक्षा 12् की छात्रा श्रेया जायसवाल को बुक वार्म , कक्षा 12 सी के छात्र अमनदीप सिंह को जॉली गुड फेलो , कक्षा 12 सी के छात्र विप्लुव जायसवाल को कम्प्यूटर उस्ताद , कक्षा 12 ए के छात्र आशुतोष मौर्य को साइलेंस किंग , कक्षा 12 सी की छात्रा आराध्या दीप सिंह को साइलेंस क्वीन , कक्षा 12 ए की छात्रा खुशी जायसवाल को चैटर बॉक्स , कक्षा 12 सी की छात्रा कु 0 आस्था को परफेक्ट अटेंडेंस , कक्षा 12 सी के छात्र अनिकेत गोड़ को फिटनेस आइकान , आदित्य मौर्य को नोईट आल , 12 सी की छात्रा सना सायमा को डायनामिक राइट , 12 बी की छात्रा आलीशा को वर्सटाइल ,12 ए के छात्र शिवम को ओरेटर एवं इसी कक्षा की छात्रा आकांक्षा वर्मा को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह मे अपनो के बीच छात्र प्रिंसिपल के हाथों पुरस्कार व सम्मान पाकर चहकते काफी खुश नजर आए। विद्यालय के प्रिंसिपल डा0जे0आर0 मिश्र , वाइस प्रिंसिपल शीला मिश्रा, प्रबन्धक के0के0 मिश्र ने समारोह के सकुशल सम्पनन्न होने पर स्कूल स्टाप को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्र- छात्राओ के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

XAVIER'S SCHO

जिलाधिकारी ने मेजा तहसील में वरासत की खतौनी का किया वितरण पैमाइश के लम्बित प्रकरणों को जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने के निर्देश

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

प्रयागराज। जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने मंगलवार को मेजा तहसील में वरासत की खतौनी का वितरण किया। उन्होंने कहा कि काफी दिनों से लम्बित वरासत का पूरे जनपद में एक अभियान चलाया गया तथा जो भी खतौनी लम्बित थी, उसको तैयार कराकर वितरित किया गया, जिसमें मेजा तहसील में 800 और पूरे जनपद में 4300 खतौनी तैयार की गयी है। उन्होंने कहा कि आनलाइन आवेदन करके अपनी वरासत पर नाम दर्ज करा सकते है। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी मेजा श्री विनोद कुमार पाण्डेय सहित सभी टीम को बधायी दी तथा जो भी अभी खाता धारक मौके पर उपलब्ध नहीं थे, उन खाता धारकों को अपने हाथ से वितरित कराये जाने का निर्देश दिया। मौके पर ही राम गोपाल, पंकज, शुभम, आशीष कुमार, विवेक चन्द्र सहित अन्य खाता धारकों को खतौनी वितरित की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान धारा 24 का जल्द से जल्द समाधान कराइये तथा पैमाइश का लम्बित प्रकरणों को जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस के अलावा अन्य शनिवार को थानों पर उस थाने से सम्बंधित जितने विवाद है, उनका एक टीम बनाकर जिसमें राजस्व एवं पुलिस कर्मी दोनों साथ जाकर मौके पर निस्तारण सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित हो। तहसील में उपस्थित जनता की शिकायतों को गम्भीरता से सुना तथा उपजिलाधिकारी मेजा को एक सप्ताह में निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। तत्क्रम में जिलाधिकारी ने सिरसा मण्डी समिति, मेजा रोड़ में गेहूं भण्डारण कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मशीन के द्वारा गेहूं की गुणवत्ता को परखा तथा डिप्टी आरएमओ से गेहूं क्रय आदि की जानकारी लेते हुए कहा कि किसानों को गेहूं क्रय केन्द्रों पर कोई परेशानी न हो, उसका विशेष ध्यान दिया जाये तथा बाहर गेट पर लगाये गये बैनरों पर लिखे टोल फ्री नम्बर की जांच करायी कि कि क्रियाशील है या नहीं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मेजा श्री विनोद कुमार पाण्डेय, डिप्टी आर0एम0ओ0 श्री विपिन कुमार सहित सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रधान की हठवादिता से डीह मेंहदी में फिर नहीं गठित हो सकीं समितियाँ

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

प्रतापगढ़।विकास खंड लक्ष्मणपुर का डीहमेहदी गाँव प्रधान की हटवादिता एवं शासन की नीतियों के विरुद्ध कार्य करने के लिए चर्चित रहा है।एक बार फिर इस ग्राम प्रधान की हटवादिता के कारण यहाँ ग्राम समितियों का गठन नहीं हो सका। 19 अप्रैल को इस ग्राम पंचायत में ग्राम समितियों के गठन के लिए बैठक बुलाई गई थी जिसमें एडीओ पंचायत एवं ग्राम विकास अधिकारी की देखरेख में ग्राम समितियों का विधि संगत ढंग से गठन होना था लेकिन इस बैठक में स्वयं एडीओ महोदय ही नदारद रहे।इस ग्राम पंचायत में कुल 15 सदस्य हैं जिनमें से एक सदस्य का भिवंडी में होना बताया जाता है। एजेंडे के अनुसार सुबह 13 सदस्य बैठक स्थल पर उपस्थित हुए।10 सदस्यों में कुछ सदस्य ऐसे हैं जो निरक्षर बताए जा रहे हैं और कुछ कम पढ़े लिखे होने के कारण इस बात से आशंकित हैं कि उनसे किस प्रपत्र पर प्रधान हस्ताक्षर करवा ले। प्रधान के पूर्व के कारनामों को देखते हुए बिना किसी प्रतिनिधि या विधि सलाहकार के किसी प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने को वे तैयार नहीं हैं। यही कारण था कि वे अपने साथ अपने प्रतिनिधि या विधि सलाहकार के साथ बैठक स्थल पर पहुँचे थे लेकिन ग्राम प्रधान ने यह कहकर विरोध किया कि यहाँ केवल सदस्य ही उपस्थित होंगे अन्य लोगों को बैठक में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।जब कम पढ़े लिखे या निरक्षर सदस्यों ने यह कहा कि उनसे प्रपत्र पर हस्ताक्षर करवाने के पहले उन्हें उनके प्रतिनिधियों या विधि

अप्रैल से जून तक आयोजित होंगे स्वावलम्बन के विविध कार्यक्रम-जिलाधिकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

प्रतापगढ़।जिलाधिकारी डॉ0नितिन बंसल ने बताया कि महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिये मिशन शक्ति के अन्तर्गत माह अप्रैल से जून 2022 तक जनपद में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।उन्होंने बताया कि 13 से 21 अप्रैल के मध्य व 27 अप्रैल, 09 मई, 31 मई, 14 जून व 27 जून को ब्लाक स्तर पर एक दिवसीय भव्य स्वावलम्बन कैम्पों का आयोजन किया जायेगा जिसमें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना सम्मिलित है।एक दिवसीय ब्लॉक स्तर पर भव्य स्वावलम्बन कैम्प आयोजन किया जायेगा। दिनांक 01 से 07 मई के मध्य प्रत्येक दिवस आपॅरेशन मुक्ति के अन्तर्गत दिनांक 01 मई को अन्र्तराष्ट्रीय बाल श्रम दिवस तथा 03 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह तथा बाल श्रम के विरूद्ध सप्ताह भर वृहद अभियान का संचालन किया जायेगा, 13 मई को मेगा इवेन्ट-प्रधान सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, दिनांक 26 से 28 मई तक लिंगानुपात पर जागरूकता हेतु ग्राम स्तर पर डिजिटल/एनालॉग गुड्डा-गुड्डी बोर्ड की स्थापना का कार्यक्रम आयोजित होगा। दिनांक 02 जून को मेगा इवेन्ट-हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम, 24 जून को प्रयागराज मण्डल में सीफार संस्था के सहयोग से मण्डल स्तरीय ''जागरूक'' मीडिया एडवोकेसी वर्कशाक का आयोजन तथा दिनांक 30 जून को मेगा इवेन्ट-अनन्ता (प्रेरक महिलाओं तथा बालिकाओं की पहचान व सम्मान) कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सभी कार्यक्रमों आयोजन महिला कल्याण विभाग द्वारा किया जायेगा जिसके नोडल जिला प्रोबेशन अधिकारी है।

दिव्यांग आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र की होगी स्थापना

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

प्रतापगढ़। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राम प्रकाश सिंह ने बताया कि जनपद में मानसिक मंदित तथा मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजन हेतु आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन हेतु सरकार सहायता देगी। स्वैच्छिक संगठनों को सहायता प्रदान किये जाने की व्यवस्था प्रदेश सरकार द्वारा की गयी है। उन्होंने बताया कि निःशक्त व्यक्ति (सामान्य अवसर अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के अन्तर्गत पंजीकृत प्रदेश के स्वैच्छिक संगठन जो मानसिक मंदिता के क्षेत्र में अनुभव तथा योजना हेतु पात्रता रखते हो दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 की वेबसाइट से प्रशन्गत योजना से सम्बन्धित दिशा निर्देश व आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर सकते है। इच्छुक स्वैच्छिक संस्थायें मानसिक मंदित तथा मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजन हेतु आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के स्थापना/संचालन हेतु सहायता योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये 03 प्रतियों में अनुदान प्रस्ताव विलम्बतम दिनांक 30 जून 2022 तक जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय में जमा कर सकते है।

पराविधिक स्वयं सेवकों का किया जाएगा चयन

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

प्रतापगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हेतु जनपद में विभिनन्न स्थानों पर कार्य किये जाने हेतु पराविधिक स्वयं सेवकों को नामित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि ऐसे व्यक्ति महिला/पुरूष जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं वांछित वर्गो के उत्थान में रूचि रखते है तथा उनके कार्य करना चाहते है, वे आवेदन कर सकते है। पूर्व में चयनित पराविधिक स्वयं सेवक भी पुनः आवेदन दे सकते है उन्हें वरीयता प्रदान की जायेगी। उन्होने बताया है कि पराविधिक स्वयं सेवकों को अपने क्षेत्र में विधिक जागरूकता विधिक सहायता के लिये पीड़ित एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बीच सेतु का कार्य, प्राधिकरण के प्रबन्ध कार्यालय एवं विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा सौंपा जायेगा को करना है। उन्होंने बताया कि पराविधिक स्वयं सेवकों को स्वेच्छा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है तथा यह कोई सरकारी पद पर भर्ती नही है, अतः पदों का आरक्षण नही है परन्तु योजना के अनुरूप सभी वर्गो को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जायेगा। इस हेतु शैक्षिक योग्यता 10वीं पास है। पराविधिक स्वयं सेवकों के कार्य के लिये कोई वेतन, परिश्रमिक या मजदूरी समय-समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा तय किये मानदेय के अलावा नही होता है। आवेदक अपने कार्य करने की रूचि जिला स्तर, तहसील स्तर या ग्राम स्तर पर कार्य करने की इच्छा या वरीयता दर्शाये। उन्होने बताया है कि पराविधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु आवेदक भारत का नागरिक हो, शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, अच्छा चरित्र का हो तथा समाज सेवा में रूचि रखता हो। आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन पूरी तरह भरकर तथा अपने शैक्षिक एवं अन्य योग्यता का प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति लगाकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के कार्यालय में हाथो हाथ या पंजीकृत डाक से दिनांक 23 अप्रैल तक भेज सकते है। पराविधिक स्वयं सेवक के चयन हेतु आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ से प्राप्त कर सकते है।

दुद्धी ब्लॉक के सभागार कक्ष में स्वालम्बन कैंप का आयोजन किया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
चिन्ता पान्डेय

सोनभद्र। सोनभद्र महिला कल्याण विभाग ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति फेज 4.0 के तहत 100 दिवसीय विशेष कायन्योजना तैयार इसके तहत अप्रैल से 30 जून तक विभिनन्न गतिविधियां आयोजित की जााएंगी। मिशन शक्ति 4.0 में जन जन तक पहुंच कर उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। आज दुद्धी ब्लॉक के सभागार कक्ष में स्वालम्बन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें नोडल अधिकारी शेषमणि दूबे ओ.आर.डब्लूयू द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं (मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना) के बारे में जानकारी देने के साथ ही पात्र लोगों का चिह्नाकन करते हुए लाभ भी पहुंचाया जाएगा। कैम्प में के माध्यम से सरकारी योजनाओं के दायरे में आने वाले परिवारों, महिलाओं और बच्चों के लिए आवेदनों की समस्त कार्यवाही 'कैम्पस' के माध्यम से पूरी की जायेगी अभी तक उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 के अंतर्गत तीन आवेदन पत्र कैंप में प्राप्त हुए हैं जिसका सत्यापन करते हुए जिला स्तरीय कमेटी को प्रेषित किया गया जिसमें खंड विकास अधिकारी दुद्धी मनीष मिश्रा एवं ब्लाक संबंधित अधिकारीगण तथा युवक मंगल दल के प्रभारी अजय गुप्ता समाज सेवी सीएसी संचालक ओम प्रकाश कुमार ,धीरज कुमार, मौके में ही सीएसी संचालक द्वारा ऑनलाइन आवेदन एवं केवाईसी भरा गया इस मौके में आंगनबाड़ी शीला देवी, मंजू देवी, संध्या देवी, सावित्री देवी, संगीता देवी, गीता देवी, पुनम देवी, नीलम देवी आदि मौजूद रही!

अनियंत्रित ट्रैक्टर खाई में गिरा चालक की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनिल कुमार अग्रहरी

डाला सोनभद्र ।चोपन थाना क्षेत्र के आज सोमवार को परासपानी पंचायत भवन के सामने गड्ढे में गिरे ट्रैक्टर के नीचे रजखड़ निवासी 25 वर्षीय अर्जुन गौड़ पुत्र बासुदेव गौड़ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के संबंध में बताया गया कि रविवार की शाम अर्जुन गौड़ अपने दूर के रिश्ते में लगने वाले मामा विपिन कुमार, निवासी बघाडू के साथ बाइक से परासपानी गांव में एक टोला निवासी रामदास गौड के लड़के की दूसरे टोला निवासी रामलखन गौड़ के घर आई बारात में शामिल हुआ था। उसके बाद सुबह उसका शव रामलखन के ट्रैक्टर के नीचे दबा हुआ मिला। रात में किन परिस्थितियों में और कब ट्रैक्टर पर सवार होकर निकला, ट्रैक्टर कौन चला रहा था, इसकी जानकारी किसी को नहीं है मृतक के साथ बाइक से आए विपिन ने बताया कि रात में मैं बारात देख रहा था। इस बीच अर्जुन गौड़ रात में कब वहां से निकला, इसका हमको पता नहीं है। घटनास्थल पर पहुंचे चौकी प्रभारी व चोपन पुलिस ने मृतक के परिजनों को फोन के माध्यम से बुलाकर पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।वहीं डाला चौकी इंचार्ज का कहना है कि मृतक के पिता के बयान के आधार पर भी जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट से बहुत कुछ साफ हो जाएगा।

किसानों की सुविधा के लिए तैयार करें रोड मैप: आयुक्त

मीरजापुर । पथरहिया स्थित विकास भवन आडिटोरियम में आयुक्त योगेश्वर राम मिश्रा की अध्यक्षता में कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को हुआ। आयुक्त ने सुझाव दिया कि एक ऐसा रोड मैप तैयार किया जाए, जिससे सभी किसानों को यह ज्ञात हो सके कि किस विकास खंड में कौन सा उत्पाद या खाद्यान्न का उत्पादन हो रहा है। उनके विपणन की जानकारी उपलब्ध हो। अधिकतम किसानों को कृषक उत्पादक संगठनों से जोड़ा जा सकता है। लघु एवं सीमांत कृषकों की हिस्सेदारी भी हो। सीडीओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा वर्तमान समय में कृषि उत्पाद के विपणन की चुनौती है, जिसे इस कार्यशाला में एपीडा के सहयोग से विपणन के संबंध में सभी समस्या व शंका दूर हो सकेगी। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक डा. जीपी तिवारी ने नैनो टेकनेलाजी पर आधारित यूरिया का फसलों में पर्णीय छिड़काव, उसके लाभ एवं महत्व की जानकारी दी। एपीडा के आनंद प्रकाश ने कहा कि कृषक उत्पादक संगठन को अपने उत्पाद को निर्यात करने के लिए हार्टिनेट पोर्टल पर जिला उद्यान अधिकारी के माध्यम से पंजीकृत करके विपणन कर सकते है। वेबनार के माध्यम से क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में राजीव कुमार चेयरमैन राइस एक्सपोर्ट व इम्पोर्ट द्वारा कृषक उत्पादक संगठनों को संबोधित किया। शुभम राय एपीडा ने कृषक उत्पादक संगठन के उत्पाद को निर्यात, मानक व गुणवत्ता बनाने की जानकारी दी। डा. सीबी सिंह क्षेत्रीय प्रभारी एपीडा द्वारा सब्जी के निर्यात के लिए एफपीओ का अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की जानकारी दी। भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी के वैज्ञानिक डा. एएन त्रिपाठी ने मिर्च, मटर, लौकी, कद्दू सब्जियों में लगने वाले रोग व कीट के बारे में जानकारी दी। उप कृषि निदेशक डा. अशोक उपाध्याय ने कृषक उत्पादन संगठनों के क्षमतावर्धन कार्यशाला में अवगत कराया। कहा कि मीरजापुर में कुल 32 कृषक उत्पादक संगठन पंजीकृत है, जिसमें कुल 8477 अंशधारक किसानों की संख्या है। कृषि विभाग द्वारा 11 एफपीओ को फार्म मशीनरी बैंक तथा तीन एफपीओ को दृष्टि योजना के तहत बीज विधायन संयंत्र उपलब्ध कराया गया है। पीडी अनय मिश्रा, डीसी मनरेगा मो. नफीस, एनके सिंह, डीएसटीओ कैलाश नाथ, भूमि संरक्षण अधिकारी जीत लाल गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, साक्षी पांडेय, मनीष सिंह, सुशील सिंह रहे। संचालन राजेन्द्र त्रिपाठी उर्फ लल्लू तिवारी ने किया।

पूर्णिमा तक के लिए हुई थी तैयारी, नवरात्र बाद ही समेटा

विध्याचल । चैत्र नवरात्र मेला समाप्त होते ही विध्याचल से सारी व्यवस्था समाप्त हो गई। पूर्णिमा तक के लिए दर्शनार्थियों की सुविधा को लेकर तैयारियां की गई थी, लेकिन नवरात्र बाद ही सभी तैयारियां समेट लिए गए। ऐसे में विध्यधाम आने वाले दर्शनाथिन्यों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चैत्र नवरात्र मेला शुरू होने से पूर्व तैयारियों को लेकर खूब भाग-दौड़ हुई थी। भरोसा दिलाया था कि पूर्णिमा तक यह व्यवस्था यथावत रहेगी। नवरात्र बाद ही सब गायब हो गया। धूप से बचाव के लिए लगाया गया टेंट व मैट भी हटा लिया गया है। यहां तक कि गंगा घाटों पर सुरक्षा के लिए की गई बैरिकेडिग भी हटा लिया गया है। सफाई व्यवस्था की तो बात ही मत कीजिए। जिधर देखिए उधर गंदगी ही गंदगी देखने को मिल रही है। घाटों पर भी गंदगी का अंबार है। ऐसे में विध्य विकास परिषद पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि विध्यवासिनी मंदिर के दानपात्र से सवा करोड़ रुपये प्रतिवर्ष निकलता है, जो विध्य विकास परिषद के खाते में जमा होता है। यह पैसा विध्यधाम के विकास व दर्शनार्थियों की सुविधा पर खर्च किए जाने चाहिए, ऐसा नियम है। इसके बाद भी दर्शनार्थियों की सुविधा को लेकर कोई ठोस प्रबंध नहीं किया जा रहा है। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए जो भी व्यवस्था करनी होगी, वह की जाएगी। सफाई व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने की जिम्मेदारी नगर पालिका परिषद की है। इसके लिए ईओ को निर्देशित किया गया है। हालांकि गंगा हादसा से बचने के लिए सननार्थियों को सतर्कता व सावधानी बरतने की जरूरत है।

हाथीनाला पुलिस व पीएसी ने जंगल में किया सघन कांबिंग

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनिल कुमार अग्रहरि

डाला(सोनभद्र)। पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में व ओबरा क्षेत्राधिकारी शंकर प्रसाद के नेतृत्व में मंगलवार को हाथीनाला पुलिस व पीएसी बल द्वारा चक गरदरवा व गरदरवा के जंगलों में सघन कांबिंग किया गया थानाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद ने बताया कि जंगल में घुसकर अनेक गतिविधियों की जानकारी के लिए सघन कांबिंग सर्च अभियान चलाया गया तथा क्षेत्र के लोगों से जानकारी लिया गया और गांव में संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए नंबर बताए गए प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों से कहा कि आप भयमुक्त रहे कहीं कोई परेशानी हो या संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तत्काल दिए गए नंबरों पर सूचना दें।

ड्यूटी पर चिकित्सकों को पहनना होगा एप्रेन

मीरजापुर। मां विध्यवासिनी स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य एसपी सिंह ने सोमवार को मंडलीय चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ओपीडी में कई चिकित्सकों द्वारा एप्रेन नहीं पहनने पर चेतावनी दी। उन्होंने इस लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि वे सादे कपड़े में बैठे हैं तो मरीजों को कैसे पता चलेगा कि वे डाक्टर हैं। ऐसे में वे किसके पास जाकर अपने रोग के बारे में बताएंगे। उनके सामने असमंजस की स्थिति बनी रहेगी इसलिए सभी लोग ड्यूटी के दौरान एप्रेन जरूर पहनें जिससे मरीजों को पता चल सके कि वे ही डाक्टर हैं और मरीज उनके पास आकर अपना इलाज करा सकें।प्राचार्य एसपी सिंह सोमवार को मेडिकल कालेज में चल रही शिक्षा का जायजा लेने आए थे। वहां पर उन्होंने पूरे कालेज का निरीक्षण कर चल रहे शिक्षा की जानकारी ली। इसी दौरान मेडिकल कालेज के चिकित्सालय का भी निरीक्षण करने पहुंचे। सबसे पहले वे एसआइसी आलोक कुमार अग्रवाल के साथ ओपीडी का हाल जानने पहुंचे। देखा कि सर्जन, आई, फिजिशियन आदि रोगों के कुछ डाक्टर एप्रेन नहीं पहने थे। यह देख नाराज हुए। कहा कि सभी लोग एप्रेन पहनें। दोबारा निरीक्षण के दौरान यह लापरवाही नहीं दिखे। इसके बाद इमरजेंसी में पहुंचे तो वहां डाक्टर सहित सभी लोग एप्रेन पहने नजर आए तो प्रसनन जताई। दवा का रख रखाव देखा। उसकी एक लिस्ट वहां चस्पा करने का निर्देश इमरजेंसी प्रभारी को दिया।

5 किलो 300 गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनिल कुमार अग्रहरी

डाला सोनभद्र ।स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के लंगड़ा मोड़ शराब भट्ठी के पास आज मंगलवार सुबह 7:30 के पास से चार अभियुक्त को गांजा के साथ गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया डाला पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि चार व्यक्ति भारी मात्रा में गांजा लेकर डाला लंगड़ा मोड़ के समीप आने वाले हैं सूचना को सत्य मानकर बताएं गये स्थान पर डाला चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ठाकुर ने अपने टीम के साथ पहुंच गए व थोड़ी देर में ही चार व्यक्ति संदिग्ध हाल में आते दिखाई दिए पुलिस को देख वक्त चारों लोग तेज रफ्तार से भागने लगा पुलिस ने घेराबंदी कर चारों व्यक्तियों को पकड़कर तलाशी लिया तलाशी के दौरान पकड़े गए लोगों के पास से झोली में रखा कुल 5 किलो 300 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया पकड़े गए आरोपी राजेंद्र राजभर पुत्र स्वर्गीय शंकर राजभर निवासी चूड़ी गली 1.400 गाजा, मुकेश लोहार पुत्र स्वर्गीय नरेश लोहार निवासी सेवासदन 1.200 बाडी राजेश यादव पुत्र बबई यादव निवासी लंगड़ा मोड़ 1.500, राजू पुत्र असलम निवासी नई बस्ती 1.200, डाला पुलिस ने व चारों आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर चारों आरोपियों का चालान करके जेल भेज दिया इस दौरान गिरफ्तारी करने वाली टीम में डाला चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ठाकुर, हेड कांस्टेबल महेंद्र यादव, कांस्टेबल पुनीत सिंह, शामिल रहे

कोटे की दुकानों से वितरित किया जाएगा फोर्टिफाइड चावल

मीरजापुर । कोटे की दुकानों से अब फोर्टिफाइड चावल मिलेगा। स्वस्थ समाज की संकल्पना को इससे साकार करने में काफी मदद मिलेगी और लोग स्वस्थ बन सकेंगे। सुविधा के लिए राइस मिल में ही अब एक्स्ट्रा एनर्जी विटामिन मिलाया जा रहा है। सरकार ने कोटे की दुकान से फोर्टिफाइड (इक्स्ट्रा एनर्जी वाला) चावल ही बांटने का निर्णय लिया है। अकेले मीरजापुर जनपद में ही धान की खरीद के बाद लगभग 32 हजार एमटी फोर्टिफाइड चावल मिलरों से लिया गया है, जिसे कोटे की दुकानों के माध्यम से कार्डधारकों का वितरित किया जाएगा। प्रदेश के ज्यादातर जिलों में धान की पैदावार होती है। सरकार समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की जाती है, लेकिन कोटे की दुकानों से वितरण के लिए फोर्टिफाइड चावल दूसरे प्रदेशों से खरीदना पड़ता है। सरकार ने प्रदेश की राइस मिलों में ही फोर्टिफाइड चावल तैयार करने का निणन्य लिया है। जनपद स्तर पर राइस मिलों में ही चावल में एक्स्ट्रा एनर्जी वाली विटामिन मिलाने से बच्चों की सेहत के लिए फायदेमंद होता है। जिला खाद्य विपणान अधिकारी धनंजय सिंह ने बताया कि फोर्टिफाइड चावल के लिए राइस मिलों में एक अलग से ब्लेंडिग मशीन लगाई गई हैं, इससे मिल उच्चीकृत हो जाएगी। चावल में आयरन, जिक, फोलिक एसिड विटामिन्स आदि मिलाकर चावल फोर्टिफाइड बनाया जा रहा है। फोर्टिफाइड चावल अर्थात पोषणयुक्त चावल। इसमें आयरन, विटामिन बी 12, फॉलिक एसिड जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में होते हैं। भरपूर पोषक तत्व होने से फोर्टिफाइड राइस की न्यूट्रीशनल वैल्यू भी काफी ज्यादा होती है। इसका सेवन करने से कुपोषण का शिकार नहीं होंगे। फोर्टिफाइड राइस में जरूरी सूक्ष्म पोषक तत्व, विटामिन और खनिज की मात्रा को कृत्रिम तरीके से बढ़ाया जाता है। फोर्टिफाइड चावल से कम से कम जोखिम के साथ लोगों में कुपोषण को दूर कर सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा दी जा सकती है। चावल लोगों के खाने के साथ-साथ दवा की तरह भी काम कर सकता है। इसके सेवन से कुपोषण दूर करने में मदद मिलेगी। इसमें आयरन, जिक, फोलिक एसिड, विटामिन-ए, विटामिन-बी वगैरह शरीर की न्यूट्रीशनल वैल्यू बढ़ा देते हैं। बच्चों और महिलाओं के स्वस्थ विकास में मदद मिलेगी।

13 करोड़ 76 लाख रुपये का बजट पास

हलिया (मीरजापुर) । स्थानीय ब्लाक सभागार में सोमवार को प्रमुख देवी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत में 13 करोड़ 76 लाख रुपये का बजट पास हुआ। इसमें मनरेगा के लिए तीन करोड़ 45 लाख तथा क्षेत्र पंचायत निधि से कार्य के लिए कुल 9 करोड़ 56 लाख रुपये का बजट पास किया गया। जबकि पाइपलाइन के लिए 75 लाख रुपये का बजट सदन के माध्यम से पास किया गया। वही बैठक में जिले का अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अलावा ग्राम प्रधानों ने नाराजगी जताई और कार्रवाई की मांग की। छानबे विधायक राहुल प्रकाश कोल ने कहा कि हलिया क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं को देखते हुए जल्द ही अस्थायी रूप से फायर ब्रिगेड की गाड़ी उपलब्ध कराई जाएगी। हलिया में चिहित अगिन्शमन केंद्र के निर्माण कार्य के लिए अपने निधि से धन जारी कराया जाएगा। राज्यसभा सांसद अरुण सिंह के प्रतिनिधि धनंजय पांडेय ने ब्लाक परिसर में सांसद निधि से 50 लाख रुपये की लागत से बैठक हाल निर्माण कार्य के लिए प्रस्तावित किया है। बीडीओ विजय कुमार ने शासन की योजनाओं प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, पेंशन आदि के बारें में विस्तृत रूप से जानकारी दी। एडीओ पंचायत अरुण कुमार मिश्रा ने सामुदायिक शौचालय सहित पंचायत विभाग के योजनाओं की जानकारी दी। आजीविका मिशन की महिलाओं को सामुदायिक शौचालय के देखभाल के लिए केयर टेकर बनाया गया है। इस दौरान सुधीर सिंह, केशव अग्रहरि, दिलीप सिंह पटेल, विपुल सिंह, प्रधानसंघ अध्यक्ष शिवबाबू सेठ आदि रहे।

REDMI NOTE 9 PRO MAX
@RAN VIJAY SINGH
2022/4/11 13:38

दूसरे दिन भी अधिकतम तापमान 43 डिग्री दर्ज

सोनभद्र । जनपद में गर्मी का सितम जारी है। लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी अधिकतम तापमान 43 डिग्री व न्यूनतम तापमान में 24.5 डिग्री दर्ज किया गया। सोमवार को जनपद का अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री दर्ज किया गया था, जबकि न्यूनतम तापमान 22.0 डिग्री था। इस तरह से 24 घंटे के अंदर अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी नहीं हुई, लेकिन न्यूनतम तापमान में ढाई डिग्री अधिक दर्ज किया गया। भीषण गर्मी से आम जनमानस को निजात नहीं मिल पा रही है। सुबह से ही गर्म हवा के थपेड़े लोगों के लिए मुसीबत बने रहे। तेज धूप के कारण दोपहर में घर से निकलने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगर की अधिकांश सड़कों पर सननटा पसरा रहा। पक्षी व पशु भी दोपहर में छाया की तलाश करते रहे। शाम को सूरज ढलने के बाद लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल सकी। बढ़ती गर्मी का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि इस गर्मी में घर से निकलते समय सिर को सूती कपड़े से ढककर ही निकलें और पानी पीते रहें, जिससे तपती दोपहर में गर्मी से राहत मिल सके।

मिलावटी शराब बनाते तीन गिरफ्तार

चुनार । सक्तेशगढ़ चौकी के लालपुर गांव में अवैध रूप से मिलावटी शराब बनाते हुए तीन आरोपितों को पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपितों के पास से तीन प्लास्टिक के बड़े गैलन में लगभग 120 लीटर स्प्रिट, नकली ब्लू लाइम ब्रांड की 10 शीशी दो सौ एमएल, 200 एमएल की 45 खाली शीशी, नकली क्यूआर कोड का एक बंडल, 599 नकली साबूत ढक्कन, एक मोबाइल बरामद किया गया है। प्रभारी निरीक्षक गोपाल प्रसाद गुप्त ने बताया कि मंगलवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे कोठिलवा तिराहे पर चौकी प्रभारी सक्तेशगढ़ जेपी राय, आबकारी निरीक्षक कुंवर विशाल भारतीय क्षेत्र में अवैध बिक्री की जा रही शराब की रोकथाम अभियान के क्रम में भ्रमण कर रहे थे। सूचना मिली कि लालपुर गांव में दिनेश कुमार सोनकर अपने घर में मिलावटी शराब बना रहा है। पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम दिनेश कुमार सोनकर के घर दबिश दी। यहां कमरे में तीन व्यक्ति मिलावटी शराब को शीशी में भर रहे थे। आरोपित दिनेश कुमार सोनकर, सुरेश जायसवाल निवासी ग्राम रामपुर, अवधेश सिंह निवासी बलुआ बजाहुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। टीम में रणजीत राय, मृत्युजय सिंह, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार राय, किशोर यादव, सर्वेश कुमार दुबे, राम आशीष सिंह थे।

बैठक में 69 करोड़ 12 लाख रुपये की कार्ययोजना स्वीकृत

सोनभद्र । जिला पंचायत बोर्ड की बैठक मंगलवार को अध्यक्ष राधिका पटेल की अध्यक्षता में हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अनुमानित व्यय 69 करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपये स्वीकृत किए गए। इसमें से 53 करोड़ 85 लाख रुपये के व्यय का लक्ष्य रखा गया। बचत का लक्ष्य 19 करोड़ 34 लाख रुपये रखा गया। पिछली बैठक के कार्रवाई की पुष्टि की गई। मंगलवार को हुई बैठक में मुख्य अतिथि एमएलसी विनीत सिंह, राज्यसभा सदस्य रामशकल, दुद्धी विधायक रामदुलार गोंड़ रहे। अपर मुख्य अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में विकास कार्यों से संबंधित विवरण पेश किए गए। इसमें गत बैठक 2021-22 की कार्रवाई की पुष्टि की गई। इसमें पुनरीक्षित बजट एक अरब 17 करोड़ 71 लाख 97 हजार रुपये स्वीकृत किया गया था, जिसमें से व्यय पक्ष में 95 करोड़ 53 लाख रुपये की स्वीकृति हुई। बचत में 22 करोड़ 26 लाख रुपये सुरक्षित रखा गया। इसके बाद जिला पंचायत का मूल आय व्यय बजट वर्ग 2022-23 का अनुमोदन प्रस्ताव बनाया गया। एएमए ने बताया कि जिला पंचायत के खनिज परिवहन उपविधि के लागू शुल्क दरों में 15 फीसदी वृद्धि दर स्वीकृत पर विचार किया गया। जनपद की जिला योजना वर्ष 2022-23 पर विचार सदस्यों ने किया। जनपद में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें सभी सदस्यों की राय ली गई। अध्यक्ष राधिका पटेल की अनुमति से अन्य प्रस्ताव पर विचार किया गया। इस दौरान सदस्य रितु सिंह, मोहन कुशवाहा, अरविद कुमार, उत्तरा त्रिपाठी, अनिल कुमार यादव, रामविचार, जय प्रकाश पांडेय, आशा देवी ने सदन में अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। डीडीओ रामबाबू त्रिपाठी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को बिदु अनुसार कार्य में तेजी लाने को दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, घोरावल ब्लाक प्रमुख दीपक पटेल, करमा ब्लाक प्रमुख सीमा देवी, नगवा ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह, मनोज कुमार सिंह सहित आदि रहे।

दिल्ली कैपिटल्स को जोरदार झटका आस्ट्रेलिया के स्टार आलराउंडर अस्पताल में भर्ती, पाए गए कोरोना पोजिटिव

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में कोरोना के केस सामने आ रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स की टीम के फीजियो पैट्रिक फरहाट के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद अब टीम के आलराउंडर मिचेल मार्श को भी पोजिटिव पाया गया है। दिल्ली की टीम की तरफ से खेलने वाले आस्ट्रेलिया के इस खिलाड़ी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बात की जानकारी टीम की तरफ से खुद दी गई है। दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से सोमवार को मीडिया में टीम के सदस्य के कोरोना संक्रमित पाए जाने की खबर सामने आने के बाद ट्वीट के जरिए इस पर जानकारी दी गई। विदेशी खिलाड़ी के कोरोना संक्रमित पाए जाने की खबर मीडिया में आ गई थी। इस बीच ट्वीट में बताया गया कि दिल्ली कैपिटल्स के आल राउंडर मिचेल मार्श को करोना के टेस्ट में पाजिटिव पाया गया है। इसके बाद उनको इसी वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिल्ली कैपिटल्स की मेडिकल टीम मार्श के कंडीशन पर नियमित रूप के नजर बनाए हुए है। सोमवार को ही बीसीसीआइ की तरफ से इस बारे में बयान जारी करते हुए पीटीआइ के बताया गया था, ठदिल्ली कैपिटल्स को आज पुणे के लिए रवाना होना था लेकिन पूरी टीम को सभी सदस्यों के साथ अपने अपने होटल के कमरे में ही आराम करने के लिए कहा गया है। कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए सभी का आरटीपीसीआर टेस्ट कराया जाएगा जिससे यह मालूम चल जाए कि फिजियो पैट्रिक के कोरोना का मामला अकेला था या टीम के कैंप में और भी मामले हैं।ठ इस सीजन में अब तक दिल्ली का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। पहले मैच में मुंबई के खिलाफ जीत हासिल करने के बाद टीम के प्रदर्शन में निरंतरता नजर नहीं आई। अब खेले 5 मुकाबलों में टीम को महज 2 जीत मिली है जबकि 3 में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

चहल ने हैट्रिक समेत एक ही ओवर में लिए चार विकेट, केकेआर को कर दिया सन्न

नई दिल्ली। राजस्थान रायल्स के स्पिनर युजवेंद्रा चहल ने आइपीएल 2022 के 30वें मैच में केकेआर के खिलाफ घातक गेंदबाजी की। उन्होंने इस मैच में 4 ओवर में 40 रन देकर 5 विकेट चटकाए जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल रहा। वहीं उन्होंने अपने स्पैल के चौथे ओवर और दूसरी पारी के 17वें ओवर में गजब की गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए। आइपीएल में चहल ने पहली बार किसी मैच में फाइफर विकेट लेने का कमाल किया साथ ही इस लीग में ये उनकी पहली हैट्रिक रही। इस मैच में चहल की टीम राजस्थान को केकेआर के खिलाफ 7 विकेट से हार मिली केकेआर के खिलाफ मैच की दूसरी पारी में चहल ने 17वां ओवर फेंका जो पूरी तरह से सनसनीखेज रहा। चहल ने इस ओवर की पहली ही गेंद पर वेंकटेश अय्यर को 6 रन पर संजू सैमसन के हाथों स्टंप आउट करवा दिया। दूसरी गेंद पर उन्होंने कोई रन नहीं दिया जबकि इस ओवर की तीसरी गेंद पर एक रन बने। चौथा गेंद उन्होंने पहले तो वाइड फेंका, लेकिन फिर से इस गेंद पर चहल ने केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर को 85 रन के स्कोर पर पगबाधा आउट कर दिया। पांचवीं गेंद पर उन्होंने रियान पराग को और फिर छठी गेंद पर पैट कमिंस को गोल्डन डक पर आउट किया, यानी ये दोनों अपना खाता भी नहीं खोल पाए। चहल ने इस ओवर में कुल चार विकेट लिए जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल था। चहल के इस हैट्रिक के बाद वो आइपीएल में केकेआर के खिलाफ ऐसा करने वाले तीसरे गेंदबाज बने। केकेआर के खिलाफ इससे पहले आइपीएल में मखाया नतिनि और प्रवीण तांबे ने हैट्रिक विकेट लिए थे। वहीं राजस्थान की तरफ से चहल हैट्रिक लेने वाले पांचवें गेंदबाज बने। राजस्थान के लिए इस लीग में चहल से पहले अचित चंदीला, प्रवीण तांबे, शेन वाटसन और श्रेयस गोपाल हैट्रिक ले चुके हैं। वहीं चहल आइपीएल में हैट्रिक लेने वाले 21वें गेंदबाज बने।

उमरान मलिक को साउथ अफ्रीका व आयरलैंड के खिलाफ भारतीय टी20 टीम में मिल सकता है मौका

नई दिल्ली। भारतीय टीम को जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच और आयरलैंड के खिलाफ दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं और ऐसे में तेज गेंदबाजी सनसनी उमरान मलिक पर चयन समिति की निगाह

रहेगी और काफी संभावना है कि उन्हें राष्ट्रीय टीम में मौका मिल सकता है। भारत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ, 12, 14, 17, 20 जून को पांच मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगा। इसके बाद आयरलैंड के मालाहाइड में टीम को 26 जून और 28 जून को दो टी-20 मैच खेलने हैं। आयरलैंड दौरे के समय भारत की मुख्य टीम इंग्लैंड में होगी, जहां शीर्ष खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई की शुरुआत में शुरू होने वाले पांच टेस्ट की सीरीज के निर्णायक टेस्ट की तैयारी में जुटे होंगे। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ नए खिलाड़ियों को मौका मिलेगा। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत के पिछले टी-20 विश्व कप अभियान के दौरान उमरान नेट गेंदबाज थे। बीसीसीआइ आस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी-20 विश्व कप के लिए तेज गेंदबाजों का एक बड़ा पूल बनाने के लिए उत्सुक है और अगर सब कुछ ठीक रहा और वह अगले दो महीने फिट रहते हैं तो अपनी तेज गति के साथ उमरान के टीम में जगह बनाने की उच्च संभावना है। प्रमुख गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान, हर्षल पटेल, मुहम्मद सिराज, दीपक चाहर (फिट होने पर), मुहम्मद शमी और उमेश यादव शामिल हैं, जिनका कार्यभार प्रबंधन सवीपरि होगा।

इंग्लैंड में इस भारतीय ने जमाया दोहरा शतक, फालोआन खेल रही टीम को बचाया हार से

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग में एक तरफ ज्यादातर भारतीय खिलाड़ी अपनी फटाफट क्रिकेट से लोगों का दिल जीत रहे हैं वहीं सात समंदर पार टेस्ट में एक दिग्गज अपना लोहा मनवा रहा है। भारतीय टेस्ट टीम से बाहर हुए चेतेश्वर पुजारा टीम में वापसी करने के लिए फार्म की तलाश में हैं। इसी क्रम में इंग्लैंड की काउंटी चैंपियनशिप में उन्होंने सीजन का पहला दोहरा शतक जमाया। कमाल यह की उन्होंने यह पहले ही मैच में बनाया और वो भी तब जब टीम फालोआन खेल रही थी काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स टीम के साथ करार कर डेब्यू मैच खेल रहे पुजारा ने धमाकेदार आगाज किया। पहले मैच की पहली पारी में वह भले ही सस्ते में आउट हो गए लेकिन इसके बाद जब टीम को उनकी जरूरत थी तो दमदार नाबाद दोहरा शतक लगाते हुए मैच को बचाया। अपनी पुरानी काउंटी टीम डर्बीशायर के खिलाफ खेलते हुए मैच में उन्होंने कुल 207 रन बनाए। पहली पारी में डर्बीशायर ने 8 विकेट पर 505 रन बनाकर पारी घोषित की थी। जवाब में ससेक्स की पहली पारी महज 174 रन पर ही ढेर हो गई फोलोआन खेलने को मजबूर टीम ने इसेक बाद जोरदार वापसी की और 3 विकेट पर 513 रन बनाए जिसकी वजह से मैच ड्रा करार दिया गया।

केएल राहुल और विराट कोहली होंगे आमने-सामने, जानें कहां और कैसे देखें ये रोचक मुकाबला



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 31वें मैच में केएल राहुल की टीम और फाफ डु प्लेसिस के नेतृत्व में बैंगलोर की टीम आमने-सामने होगी। पिछले कुछ मैचों की बात करें तो आरसीबी को भले जीत मिली हो लेकिन उसका शुरुआती बल्लेबाजी क्रम प्रभावी नहीं रहा है। फाफ डु प्लेसिस के बल्ले से पहले मैच के बाद रन नहीं निकले हैं। आरसीबी की ताकत है मध्यक्रम की बल्लेबाजी जहां विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, शहबाज अहमद और इस सीजन का सबसे बड़ा फिनिशर दिनेश कार्तिक मौजूद है जो अपने दम पर टीम को जीत दिलाने जानते हैं दूसरी तरफ लखनऊ की बात करें तो क्विंटन डीकाक और केएल राहुल के रुप में टीम के पास सबसे खतरनाक ओपनिंग जोड़ी मौजूद है। पिछले मैच में राहुल के बल्ले से शतकीय पारी निकली थी। आरसीबी के बल्लेबाजों को उनसे सावधान रहने की जरुरत है। मार्कस स्टोइनिस के आने से उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में पहले से ज्यादा गहराई आइ है। यदि आप भी इस मैच में चौके-छक्कों की बरसात देखमा चाहते है तो आइए मैच से जुड़ी कुछ अहम बातों को जान लेते हैं। लखनऊ सुपरजाइंट्स और बैंगलोर के बीच ये मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा। कितने बजे होगा लखनऊ सुपरजाइंट्स और बैंगलोर के बीच इस मैच का टास लखनऊ सुपरजाइंट्स और बैंगलोर के बीच इस मैच का टास शाम 7 बजे होगा। लखनऊ सुपरजाइंट्स और बैंगलोर के बीच इस मैच को कहां देख सकते है लखनऊ सुपरजाइंट्स और बैंगलोर के बीच इस मैच को स्टार स्पोर्ट्स के नेटवर्क या हाटस्टार पर देख सकते हैं। इसके अलावा इस मैच से जुड़ी हर खबर को आप आप दैनिक जागरण की वेबसाइट पढ़ सकते हैं।

2022 में बटलर ने जमाया दूसरा शतक इस भारतीय के नाम है एक सीजन में सबसे ज्यादा 4 सेंचुरी जड़ने का रिकार्ड

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में राजस्थान रायल्स के ओपनर जोस बटलर का बल्ला खूब चल रहा है। धमाकेदार फार्म में चल रहे इस बल्लेबाज ने इस सीजन का पहला शतक मुंबई के खिलाफ जमाया और फिर सोमवार को कोलकाता के खिलाफ भी एक सेंचुरी जड़ दी। बटलर अब एक ही सीजन में दो शतकीय पारी खेलने वाले दिग्गज बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। वैसे आइपीएल के किसी भी एक सीजन में किसी बल्लेबाज ज्यादा अधिकतम चार शतक बनाए गए हैं। ब्रेबान स्टेडियम में कोलकाता के खिलाफ टास हारकर बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की टीम ने ओपनर बटलर की धमाकेदार बल्लेबाजी के दम 200 रन का स्कोर पार किया। 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर टीम 217 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। राजस्थान के इस स्कोर में बटलर के बल्ले से कुल 103 रन निकले। पारी के दौरान उन्होंने 9 चौके और 5 छक्के जमाए। बटलर ने इस सीजन अपना दूसरा शतक जमाया और ऐसा करने वाले छठे बल्लेबाज बने। इससे पहले कुल पांच बल्लेबाजों ने एक सीजन में एक से ज्यादा शतक जमाने का कमाल किया है। इस लिस्ट में भारतीय दिग्ज विराट कोहली सबसे आगे हैं। साल 2016 उनके बल्ले से कुल चार शतक देखने को मिले थे जो अब तक अटूट रिकार्ड है। साल 2011 के सीजन में क्रिस गेल ने बैंगलोर की तरफ से खेलते हुए दो शतक जमाया था। साल 2017 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) की तरफ से खेलते हुए एक ही सीजन में दो शतक जमाया था। लेकिन दुर्भाग्य से इन दोनों ही मैच में टीम को हार मिली थी। साल 2018 के सीजन में चेनन्ई सुपर किंग्स को चैंपियन बनाने में शेन वाटसन का बड़ा हाथ था। फाइनल में शतकीय पारी के साथ इस सीजन उनके बल्ले से दो सेंचुरी देखने को मिली थी। 2020 में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलने उतरे शिखर धवन ने धमाल बल्लेबाजी करते हुए दो शतक जमाए थे।

कोलकाता की लगातार तीसरी हार से बदला अंक तालिका का समीकरण गुजरात अब भी टाप पर

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में सभी टीमों ने 4 या इससे अधिक मैच खेल लिए हैं। 10 टीमों के बीच चल रही एक ट्राफी पाने की जंग अब धीरे धीरे और भी रोमांचक हो रही है। चेनन्ई ने आरसीबी के खिलाफ अपने जीत का खाता खोल लिया है जबकि मुंबई को लगातार छठे मुकाबले में हार झेलनी पड़ी। सोमवार को राजस्थान की कोलकाता पर रोमांचक जीत के बाद अंक तालिका में एक बार फिर बदलाव हुआ। गुजरात और राजस्थान के बीच हुए अंक तालिका में उठा पटक जारी है। इस वक्त गुजरात की टीम 6 मैच में 5 जीत हासिल कर 10 अंकों के साथ पहले स्थान पर काबिज है। नीचे खिसक चुकी राजस्थान ने भी सोमवार को एक और जीत के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। 6 मैच खेलने के बाद 4 जीत से इस टीम ने 8 अंक हासिल किए हैं। तीसरे नंबर पर लखनऊ की टीम है जिसने राजस्थान के बराबर ही मैच खेलकर उसके बराबर ही अंक हासिल किए हैं। मंगलवार को लखनऊ का सामना चौथे स्थान पर काबिज बैंगलोर की टीम के साथ होना है। इस मैच के बाद अंक तालिका में बदलाव होगा क्योंकि दोनों ही टीम के समान अंक हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत दो लगातार हार से करने वाली हैदराबाद की टीम ने जोरदार वापसी करते हुए पिछले चार लगातार मुकाबले में जीत हासिल की है। इस धमाकेदार प्रदर्शन के दम पर वह अंक तालिका में अब पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है। छठे नंबर पर कोलकाता की टीम है जिसे सोमवार को राजस्थान से एक नजदीकी मुकाबले में हार मिली। 7 मैच खेलकर टीम ने महज 3 जीत ही हासिल करने में कामयाबी पाई है। सातवें नंबर पर पंजाब की टीम है जिसके खाते में 6 मैच के बाद 3 जीत और 3 हार है। 8वें और 9वें नंबर पर क्रमशः दिल्ली और चेनन्ई की टीम है। दिल्ली की टीम के खाते में 3 जीत से 6 अंक हैं जबकि चेनन्ई ने अब तक 6 मैच खेलकर महज एक जीत हासिल की है। अब तक अपना खाता नहीं खोल पाने वाली मुंबई की टीम सबसे नीचले यानी 10वें पायदान पर है।

गौतम गंभीर मनाएंगे आईपीएल में इतिहास रचाने वाले इस भारतीय का जन्मदिन

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को अपना पूरा समर्पण देते हुए किसी भी काम को करने के लिए तैयार रहने वाले एक जबरदस्त बल्लेबाज, विकेटकीपर, कप्तान और फील्डर का आज (18 अप्रैल) जन्मदिन है। भारतीय टीम के लिए कभी जो भूमिका दिग्गज राहुल द्रविड़ निभाया करते थे उनके ही नाम के केएल राहुल वहीं जिम्मेदारी इस वक्त टीम इंडिया के लिए निभाने को तत्पर नजर आते हैं। 100वें आइपीएल मैच में शतक जड़कर इस धुरंधर ने इतिहास रचा। इससे पहले कोई भी बल्लेबाजी टूर्नामेंट में ऐसा नहीं कर पाया था।18 अप्रैल 1992 को कर्नाटक में जन्में कननउर लोकेश राहुल आज अपना 30वां जन्मदिन मना रहे हैं। केएल के बल्लेबाजी प्रतिभा की पूरी दुनिया कायल है लेकिन टीम के लिए मुश्किल में विकेटकीपर और कप्तान तक का जिम्मा उठाने को लिए वह तैयार नजर आते हैं। भारतीय टीम के लिए तीनों फार्मेट में शतक जमा चुके इस बल्लेबाज का धमाका इस वक्त इंडियन प्रीमियर लीग में दिखने को मिल रहा है। नई फ्रेंचाइजी टीम लखनऊ सपर जायंट्स की कप्तानी कर रहे राहुल ने पिछले मुकाबले में ही जन्मदिन से ठीक दो दिन पहले शतक जमाया।आइपीएल में लखनऊ टीम की कप्तानी कर रहे राहुल अपना इस साल का जन्मदिन टीम के मेंटोर गौतम गंभीर और बाकी साथियों के साथ मनाएंगे। राहुल के खेल से गौतम बेहद प्रभावित है और टीम का मेंटोर बनने से पहले भी वह उनकी तारीफ कर चुके है। अब जब उनको लखनऊ की टीम के साथ जुड़ने का मौका मिला तो केएल राहल के तौर पर अपना कप्तान चुना।

फाफ डुप्लेसिस के सामने दम दिखाएंगे केएल राहुल

नई दिल्ली। आइपीएल 2022 के 31वें मुकाबले में इस लीग की दो बेहतरीन टीम एक-दूसरे का सामना करती हुई नजर आएगी। लखनऊ ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को और आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को हराया था। दोनों के छह मैचों में आठ अंक है और वे इस जीत के लय को जारी रखना चाहेंगी। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल इस सीजन में अब तक 235 रन बना चुके हैं और बेहतरीन फार्म में हैं। उन्होंने मुंबई के खिलाफ शतक जमाया और सर्वाधिक रनों के मामले में राजस्थान रायल्स के जोस बटलर के बाद दूसरे नंबर पर हैं। उनके सामने हर्षल पटेल की चुनौती होगी। डिकाक भी अच्छे फॉर्म में हैं जबकि युवा आयुष बदोनी, दीपक हुड्डा और क्रुणाल पंड्या बड़ी पारियां खेल सकते हैं। जेसन होल्डर और मार्कस स्टोइनिस टीम को मजबूती देते हैं। तेज गेंदबाज आवेश खान और स्पिनर रवि बिशनेई पर भी सभी की नजरें होंगी। लखनऊ के खिलाफ आरसीबी को अपने शीर्षक्रम की बल्लेबाजी को दुरुस्त करना होगा। पहले मैच के बाद से कप्तान फाफ डु प्लेसी चल नहीं सके हैं और सलामी बल्लेबाज अनुज रावत भी लगातार फार्म में नहीं हैं। विराट कोहली का बल्ला भी खामोश है और अच्छे फार्म में दिखने के बावजूद वह बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे हैं। मैक्सवेल के आने से बल्लेबाजी मजबूत हुई है।

राशिफल

मेष-:इसे दबाने से आपकी शारीरिक परेशानी बढ़ सकती है। शारीरिक गतिविधि बढ़ाकर इससे छुटकारा पाएं। बुरे हालात से दूर रहने में ही भलाई है।

वृष-:आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने में आ रही बाधाएं आज दूर होंगी। आज का दिन किसी मित्र की मदद करेगा जो भविष्य में आपकी मदद कर सकता है।

मिथुन-:आप असमंजस की स्थिति से निपटने के प्रयास में सफल हो सकते हैं. यदि आप धैर्य और प्रयास के बीच संतुलन रखते हैं, तो अधिकांश समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

कर्क-:आज आपके कुछ छिपे हुए विरोधी आपको गलत साबित करने की पूरी कोशिश करेंगे. आपको आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ सकता है। के साथ सावधानीपूर्वक काम करेंगे।

सिंह-:आभूषण और प्राचीन वस्तुओं में निवेश लाभकारी रहेगा और समृद्धि लाएगा. विदेश में रहने वाले किसी रिश्तेदार से मिला उपहार आपको खुशी दे सकता है।

कन्या-:आज का दिन आपके लिए खास रहेगा. आज अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातों को समझने का प्रयास करें। इससे आपको भविष्य में ही फायदा होगा।

तुला-:अविवाहित लोगों की लव लाइफ अच्छी रह सकती है. शादीशुदा लोगों को भी पार्टनर की मदद मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे।

वृश्चिक-:आज आपके कई काम समय पर पूरे होंगे. कुछ नया करने की कोशिश करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। तनाव खत्म होने से आपके काम की गति में वृद्धि होगी।

धनु-:बच्चे खेलकूद और अन्य बाहरी गतिविधियों में अधिक समय व्यतीत करेंगे। आपको अपनी हार से कुछ सबक सीखने की जरूरत है, क्योंकि दिल की बात कहने से नुकसान भी हो सकता है।

मकर-:आज शादीशुदा हैं तो जीवनसाथी को अधिक समय देंगे तो दोनों के संबंधों में मधुरता बढ़ेगी. शाम तक किसी फंक्शन में जाने का भी प्लान बना सकते हैं।

कुंभ-:नौकरीपेशा और व्यापार करने वाले लोग अपने काम से संतुष्ट हो सकते हैं. वरिष्ठ अधिकारियों से भी बातचीत की संभावना है। किसी की मदद करने का मौका मिल सकता है।

मीन-:आज का दिन आपके लिए ऊर्जा से भरपूर रहेगा. व्यापार सफलता का सूत्र बनेगा। आपके मन में जल्द ही बदलाव आएंगे, जिससे आपका मन कुछ हद तक द्विभाजित रहेगा।

सम्पादकीय

गृहमंत्री अमित शाह के हिंदी को लेकर दिए गए बयान पर अकारण विवाद जानिए क्या है पूरा मामला

कुछ दिनों पहले 'द कपिल शर्मा शो' पर फिल्म आर आर आर के अभिनेता एनटीआर जूनियर, राम चरण, फिल्म के निर्देशक राजामौली और अभिनेत्री आलिया भट्ट आए थे। कपिल शर्मा के शो का नाम भले ही अंग्रेजी में है, इसमें ज्यातार बातचीत हिंदी में ही होती है। दक्षिण भारतीय फिल्मों के दोनों अभिनेता न केवल हिंदी समझ रहे थे बल्कि अच्छी हिंदी बोल भी रहे थे। उस शो में उन दोनों अभिनेताओं को अच्छी हिंदी बोलते देख अर्चना पूरन सिंह ने उनसे जानना चाहा कि उन्होंने इतनी अच्छी हिंदी कहां से और कैसे सीखी जबकि वो दोनों तो दक्षिण भारत में पले बढे हैं। एनटीआर जूनियर ने तपाक से इसका उत्तर दिया कि स्कूल में। उन्होंने कहा कि स्कूल में उनकी प्रथम भाषा हिंदी थी जिससे उनको बहुत मदद मिली। इसके अलावा अब जिस तरह से क्रास पालिनेशन (परागण) मुंबई, हैदराबाद और चेन्नई के बीच हो रहा है, उससे। वो भाषाई परागण की बात कर रहे थे जिसमें देश के अलग अलग हिस्सों में बनने वाली फिल्में अलग अलग भाषाओं में डब होकर रिलीज हो रही हैं। एनटीआर की बात सुनकर आलिया ने एक और दिलचस्प तथ्य बताया कि एनटीआर जूनियर ने पूरी फिल्म में अपने संवाद को अपनी आवाज में ही हिंदी में डब किया है। आलिया के मुताबिक इससे दर्शकों को एक प्रामाणिक अनुभव मिलता है। एक घंटे से अधिक के इस शो में राम चरण और एनटीआर जूनियर ने हिंदी और अंग्रेजी में अपनी बात रखी लेकिन हिंदी समझ सब रहे थे। दक्षिण भारत की फिल्में डब होकर हिंदी में जितनी सफल हो रही हैं उसने वहां की भाषा में बनने वाली फिल्मों को सफलता का नया क्षितिज दिया है। अब वहां बनने वाली कई फिल्में तमिल और तेलुगू के साथ-साथ हिंदी में भी बन रही हैं। हिंदी में बनने वाली कुछ फिल्में भी दक्षिण भारतीय भाषाओं में बनकर एक साथ सब जगह रिलीज होती हैं। उपरोक्त प्रसंग बताने का उद्देश्य ये है कि पिछले दिनों हिंदी को लेकर दक्षिण भारत के नेताओं और अंग्रेजी के पैरोकारों ने अकारण विवाद खड़ा किया। हुआ ये था कि कुछ दिनों पहले गृह मंत्री अमित शाह ने राजभाषा समिति की एक बैठक में कहा था कि 'हमारे देश में अनेक प्रकार की भाषाएं हैं, कुछ प्रकार की बोलियां हैं। कई लोगों को लगता है कि ये देश के लिए बोझ हैं। मुझे लगता है कि अनेक भाषाएं और अनेक बोलियां हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। ष्ठपरंतु जरूरत है कि देश की एक भाषा हो। जिसके कारण विदेशी भाषाओं को जगह न मिले। देश की एक भाषा हो, इसी दृष्टि को ध्यान में रखते हुए हमारे पुरखों ने हमारे स्वातंत्र्य सेनानियों ने राजभाषा की कल्पना की थी और राजभाषा के रूप में हिंदी को स्वीकार किया था।' अपने भाषण में अमित शाह ने ना तो कुछ गलत कहा और ना ही कोई नई बात कही। अमित शाह के वक्तव्य का आशय स्पष्ट है कि हिंदी को संपर्क भाषा के तौर पर मजबूती दी जानी चाहिए और भारतीय भाषाओं को मजबूत किया जाना चाहिए। आज से दो साल पहले भी अमित शाह ने भारतीय भाषाओं को मजबूत करने के लिए आंदोलन करने जैसी बात कही थी। जब प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने लालकिला की प्राचीर से स्वाधीनता के अमृत महोत्सव की घोषणा की थी उसके बाद भी अमित शाह ने भाषाई आत्मनिर्भरता की बात की थी। उस वक्त गृहमंत्री ने कहा था कि आत्मनिर्भर शब्द केवल उत्पादन के लिए नहीं है, राजनीतिक व्यवस्थाओं के लिए नहीं है बल्कि भाषाओं को लेकर भी आत्मनिर्भर होना होगा। तब जाकर आत्मनिर्भर भारत की कल्पना साकार होगी। बिना भाषाई आत्मनिर्भरता के आत्मनिर्भर भारत अर्थहीन है। उन्होंने उस वक्त स्वाधीनता संग्राम के दौरान तीन 'स्व' के महत्ता की भी चर्चा की थी। स्वदेशी, स्वभाषा और स्वराज। इन तीनों को अमित शाह ने स्वाधीनता संग्राम का स्तंभ बताते हुए कहा था कि आजादी मिलते ही स्वराज का सपना पूरा हो गया। स्वदेशी के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने अभियान छेड़ा हुआ है लेकिन स्वभाषा के लिए हम सबको मिलकर खासकर नई पीढ़ी को विशेष रूप से आगे आना होगा। तब उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के वैश्विक मंचों पर हिंदी में बोलने और बात करने को रेखांकित करते हुए कहा था कि अब अपनी भाषा को लेकर किसी लघुता ग्रंथि में रहने की जरूरत नहीं है। तब भी अमित शाह ने भारतीय भाषाओं की बात की थी।

सुविधा की आपदा, पर्यावरण की कीमत पर होता विकास

मार्केटिंग उपभोक्ता की जरूरत बनाने और उसे पूर्ण करने का काम करता है। इसके लिए मार्केटिंग के व्यक्ति को इस बात की सलाह दी जाती है कि वह उपभोक्ता की दिख रही और छिपी हुई जरुरतों को पहचानें। इसके लिए उसे मार्केट रिसर्च एक्टिविटी करने का परामर्श दिया जाता है। एक बार उपभोक्ता की जरुरत मालूम पड़ने के बाद मार्केटिंग प्रोफेशनल को कंज्यूमर की आवश्यकता को संतुष्ट करते प्रोडक्ट और सर्विस को पूरा करना होता है। अगर कंज्यूमर की आवश्यकता बेहतर कूलिंग की है तो मार्केटिंग प्रोफेशनल को उसे उत्कृष्ट कूलिंग सॉल्यूशन मुहैया कराना होता है। अगर एक संस्थान अपने प्रतिस्पर्द्धि?यों के मुकाबले बेहतर करने में सफल होता है तो संस्थान की उम्मीदें और आकांक्षाएं बढ़ जाती हैं। इससे कई संस्थानों को फायदा मिलता है। इसमें एक खामी देखने को मिलती है कि कंज्यूमर की जरूरत को उसकी सुविधा से जोड़ दिया जाता है।बहुत पीछे न जाएं तो हम पहले किराना स्टोर में थम्सअप पीते थे और ग्लास बोतल को दोबारा इस्तेमाल के लिए वापस कर देते थे। बाद में उपभोक्ता की जरुरत बदली और लोग घरों में सॉफ्ट ड्रिंक रखने लगे जिसकी वजह से प्लास्टिक बोतल में यह ड्रिंक आने लगा। अच्छी रूम कूलिंग के लिए एयरकंडीशन चलन में आ गए। निःसंदेह यह कहा जा सकता है कि इसने उपभोक्ता की सुविधा को बढ़ाया। लेकिन एक सवाल जो कभी नहीं पूछा जाता है वह यह कि यह सुविधा किस कीमत पर आई। समुद्रों में बढ़ता प्लास्टिक, लैंडफिल साइट, ओजोन लेयर का पतला होना इस बात का सुबूत है कि हमारी प्राथमिकताएं किस कदर बदली हैं। एक दौर ऐसा था जब लगता था कि पृथ्वी के संसाधन अथाह हैं। ज्ञान का अभाव होने की वजह से हम इनका दोहन करते रहे। इस बात के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि हमारे भूतकाल के कामों ने हमें किस स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है। मार्केटर्स को इसे सुधारने के लिए सस्टेनेबल सॉल्यूशन तलाशने होंगे। मार्केटिंग माइंडसेट में बदलाव करना होगा। इसके लिए नए प्रोडक्ट डेवलपमेंट, विज्ञापन, कीमत और गठबंधन पार्टनर प्रक्रिया में सुधार करना होगा। मार्केटिंग प्रोफेशनल को स्थाई फायदों पर अधिक जोर देना होगा। इससे हमने पर्यावरण को लेकर बीते समय में जो गलतियां की हैं उसे सुधार सकते हैं। इस बात की उम्मीद की जा सकती है कि कंज्यूमर नए इनोवेशन का आकलन करते समय सुविधा देने वाले फायदों को प्राथमिकता दें। कंज्यूमर के माइंडसेट और आकांक्षाओं में बदलाव लाने के लिए आवश्यक है कि उसे को-क्रिएशन की प्रक्रिया में शामिल किया जाए। नए और बदले हुए प्रोडक्ट लाने के दौरान बिजनेस इस बात को कम ही जेहन में रखते हैं कि इससे पर्यावरण को किस तरह की क्षति पहुंचेगी। मार्केटर्स को इस मामले में आगे बढ़कर कदम उठाना होगा। अब प्रशन उठता है कि क्या वे उठाएंगे।

बदलती दुनिया में कूटनीति ले रही करवट, समय के साथ प्रगाढ़ हो रहे भारत-अमेरिकी रिश्ते

आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था में शुमार है। अनुमान है कि अगले दो दशक तक देश की यही स्थिति बनी रहेगी। भारत दुनिया में चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार भी रखे हुए है। हालांकि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दूसरे देशों की तरह भारत को भी कुछ समय के लिए मुश्किलें आ सकती हैं, लेकिन इसके लंबे समय तक बने रहने के आसार नहीं हैं। ऐसी तमाम बातों से अमेरिका भी अनभिज्ञ नहीं है। कोविड-19 के समय चीन ने कई जरूरी चीजों की आपूर्ति अमेरिका और यूरोपीय देशों को रोक दी थी। तब उसका अमेरिका के साथ 650 अरब डालर, जबकि यूरोपीय संघ के साथ 550 अरब डालर से अधिक सालाना व्यापार होता था। तब चीन से सैकड़ों फैक्टियां भी दूसरे देशों में शिफ्ट हुई थीं। इन सबका सबसे अधिक फायदा भारत को मिला है। वहीं दक्षिण चीन सागर और ताइवान को लेकर भी चीन का रुख इन दिनों आक्रामक है। यदि चीन ताइवान पर हमला करता है तो ग्लोबल सप्लाई चेन फिर से दबाव में आएगी, जिसका सीधा आर्थिक असर अमेरिका और यूरोपीय देशों पर पड़ेगा। ऐसे में उनको भारत की जरूरत और भी बढ़ जाएगी। अमेरिका जानता है कि केवल दक्षिण एशिया में ही नहीं, बल्कि बाजार और व्यापार के साथ-साथ वैश्विक पटल पर भी भारत की पकड़ मजबूत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कह चुके हैं कि भारत के पास आज पूरी दुनिया को खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकने की क्षमता है। जिस तरह का माहौल बना है उसे देखते हुए लगता है कि भारत से गेहूं का निर्यात रिकार्ड बढ़ सकता है, जो वर्तमान में सालाना 20 करोड़ टन का है। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में अमेरिका भारत से अपने संबंधों को लेकर कोई सौदेबाजी करने की स्थिति में नहीं है। इसकी एक झलक गत दिनों मोदी-बाइडन की वचरुअल वार्ता में भी दिखी।

अनायास नहीं है हिंदू प्रतीकों पर हमला अवैध नागरिकों की पहचान जरूरी

पिछले दिनों स्वीडन के कई शहर भीषण हिंसा की चपेट में रहे। अत्याधुनिक सूचना तंत्र और हथियारों के साथ तैनात वहां की पुलिस हालात को नियंत्रित करने में असफल रही। अलग-अलग शहरों में हमलावर भीड़ ने पुलिस की कई गाडि़यों को जला दिया, जिसमें 12 पुलिस कमिन्यों को गंभीर चोट भी आई। इंटरनेट मीडिया पर तोड़फोड़ के वीडियो में पुलिस कार तोड़ने वाला अल्ला हू अकबर का नारा लगाता दिखा। दरअसल स्वीडन की दक्षिणपंथी पार्टी के लोग शरणार्थी के रूप में वहां आए लोगों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। तभी कुछ ऐसा हुआ कि देखते ही देखते स्वीडन के कई शहर दंगे की चपेट में आ गए। कहा जा रहा कि यूरोप के अलग-अलग देशों में शरणार्थी के तौर पर गए लोग वहां की कानून व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं। जिस इस्लामिक कट्टरता की वजह से उन्हें अपनी जमीन, अपना मुल्क छोड़ना पड़ा, वे भी उसी कट्टरता की राह पर चलने लगे हैं। जिससे कि अब वे यूरोप के तमाम देशों, वहां के नागरिकों की सुरक्षा के लिए चुनौती खड़ी कर रहे हैं। जाहिर है उन देशों में न तो हिंदू नववर्ष मनाया जाता है, न रामनवमी पर या हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रएं निकली जाती हैं। भारत की तरह विश्व हिंदू परिषद या बजरंग दल या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी वहां नहीं हैं। फिर भी पिछले दिनों वहां एक खास समुदाय के लोगों की भावनाएं आहत हुईं और दंगे हो गए या दंगे जैसे हालात बन गए। हिंदू शोभायात्राओं पर हमलेः गत दिनों देश की राजधानी दिल्ली और दूसरे राज्यों में भी उसी प्रकार से दंगे हुए या दंगे जैसी स्थितियां बन गईं। इसकी शुरुआत राजस्थान के करौली से हुई। जहां हिंदू नववर्ष के दिन निकली शोभायात्र पर दूसरे समुदाय के कुछ लोगों द्वारा पत्थरबाजी की गई। उसके बाद हालात बिगड़े और हिंसा, आगजनी की वजह से करौली में कफ्यरू लगाना पड़ा। मध्य प्रदेश के खरगोन में रामनवमी की शोभायात्र पर भी जमकर पत्थरबाजी हुई। पेट्रोल बम और धारदार हथियारों से हमला हुआ। खरगोन में पुलिस अधीक्षक और एक इंस्पेक्टर घायल हुआ। दंगों में घायल 16 वर्षीय शिवम जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा है। हनुमान जन्मोत्सव के बाद निकली शोभायात्रओं पर भी देश के कई हिस्सों में इसी तरह हमले हुए। कर्नाटक के हुबली में तो अराजकता का ऐसा मामला सामने आया, जिसे देख-सुनकर भी विश्वास नहीं होता। हुबली में करीब एक हजार लोगों ने ओल्ड हुबली पुलिस थाने पर हमला कर दिया। उस हमले में 12 पुलिसवाले घायल हुए। हिंसा के लिए जिम्मेदार करीब 50 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। आंध्र प्रदेश के कुरनूल के होलागुंडा से भी ऐसा ही मिलता जुलता मामला सामने आया है। होलागुंडा में हनुमान जन्मोत्सव पर जुलूस निकल रहा था। मुस्लिमों की एक भीड़ ने शोभायात्र में बज रहे गाने पर एतराज जताया और फिर विवाद बढ़ गया। पत्थरबाजी शुरू हो गई। उत्तराखंड में भी हरिद्वार जिले के भगवानपुर के एक गांव में निकल रही शोभायात्रा पर पथराव हुआ। इसके अलावा गुजरात के आणंद और हिम्मतनगर में रामनवमी की शोभायात्रा पर हमला हुआ। बंगाल के बांकुड़ा में रामनवमी की शोभायात्रा पर पथराव हुआ। रामनवमी के दिन जेएनयू में भी मारपीट हुई। साफ है स्वीडन के शहरों से लेकर भारत की राजधानी दिल्ली और दूसरे राज्यों में हर जगह कुछ मुसलमानों की भावनाएं आहत हुईं और उन्होंने पत्थरबाजी, हिंसा, आगजनी शुरू कर दी। एक बार शुरुआत होने के बाद कौन कितना गलत और कौन कितना सही, इस पर सिर्फ अंतहीन बहस ही की जा सकती है। और इस समय देश में यही हो रहा है। दिल्ली के जहांगीरपुरी में भी स्पष्ट तौर पर सामने आ रहा है कि सी-ब्लाक में जब हनुमान जन्मोत्सव जुलूस पहुंचा तो वहां लोगों ने उसका विरोध करना शुरू कर दिया। फिर दोनों पक्षों में बहस होने लगी। देखते ही देखते शोभायात्रा पर पत्थर आदि से हमला होने लगा। इस मामले में पुलिस दो दर्जन से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। कौन दोषी है या कितना दोषी है या निदरेष है, इसका निणन्य न्यायालय को ही करना है। निदरेष पुलिस की गिरफ्त में आया होगा तो न्यायालय से उसे अवश्य न्याय मिलेगा। पकड़े गए लोगों में अंसार, असलम, सलीम, यूनुस जैसे कुछ आरोपी भी शामिल हैं, जो पहले से ही चोरी, लूट से लेकर सट्टेबाजी और हत्या के प्रयास तक के अपराध में कई बार जेल जा चुके हैं। पहले से अपराधों में शामिल रहने की वजह से ही पुलिस पर भी गोलियां चलाने में उनको संकोच नहीं हुआ। मूल समस्या की अनदेखीः जहांगीरपुरी में पत्थरबाजी मस्जिद पर भगवा झंडा लहराने की प्रतिक्रिया में हुई, यह बात भी दिल्ली पुलिस की जांच में पूरी तरह से झूठी निकली है। फिर भी सेक्युलरिज्म का हवाला देकर कुछ नेताओं के साथ देश के कथित बुद्धिजीवियों और पत्रकारों का एक वर्ग जिस तरह से झूठी खबरें फैलाने में लगा हुआ है, वह देश और मुसलमानों के लिए भी बेहद खतरनाक है। इससे पहले नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और कृषि सुधार कानून विरोधी प्रदर्शनों में भी देश विरोधी तत्वों के शामिल होने की बातों को ये लोग लगातार नकारते रहे। उनकी बातों का फायदा उठाकर राष्ट्र विरोधी तत्व उन आंदोलनों बने रहे। परिणामस्वरूप दिल्ली दो बार भीषण हिंसा की चपेट में आई। उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों से लेकर लाल किले पर मचा उत्पात भला कौन भूल सकता है। उसमें दिल्ली पुलिस के सैकड़ों जवानों के घायल होने पर भी गंभीर चर्चा नहीं होने दी गई। दरअसल नरेन्द्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने में नाकामयाब विरोधी दल इन आंदोलनों में राष्ट्र विरोधी तत्वों की उपस्थिति को लगातार देखते, जानते भी आग को हवा देते रहे। दिल्ली में आप के तत्कालीन पार्षद मुहम्मद ताहिर हुसैन को उत्तर पूर्वी दिल्ली के दंगों का मुख्य साजिशकर्ता पाया गया। ताहिर हुसैन और उत्तर पूर्वी दिल्ली में दंगे फैलाने वाले अन्य आरोपी अभी जेल में बंद हैं। पहले ताहिर हुसैन और अब जहांगीरपुरी में अंसार, करौली में कांग्रेस समर्थित पार्षद मतलूब अहमद। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि धार्मिक भावनाएं भड़काने के साथ दंगे भड़काने में कुछ राजनीतिक दलों के लोग सीधे तौर पर शामिल हैं। राम के देश में राम का अपमानः लोकतांत्रिक, बहुसंख्यक भारत में इन दिनों यह सवाल खड़ा किया जा रहा है कि मस्जिद के सामने से हनुमान जन्मोत्सव, रामनवमी या फिर हिंदू नववर्ष की शोभायात्राएं निकालकर दूसरे समुदाय के लोगों की भावनाएं क्यों भड़काई जा रही हैं।

असम में तूफान और भारी बारिश से 14 लोगों की गई जान, हजारों की संख्या में घर हुए क्षतिग्रस्त

गुवाहाटी। देशभर में फिलहाल गर्मी का प्रकोप जारी है और कई राज्यों में पारा बढ़ता जा रहा है। वहीं, असम में मौसम ने एकदम से करवट ली है। यहां कल रात हुई तेज आंधी-तूफान और भारी बारिश ने काफी नुकसान पहुंचाया है। विभिनन्न जिलों में तूफान, बिजली गिरने और भारी बारिश से कई लोगों के मरने की बात सामने आई है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार कल राज्य में बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत हुई थी जिसकी संख्या अब बढ़कर 14 पहुंच गई है। प्राधिकरण द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 592 गांवों को भारी बारिश से नुकसान हुआ है और 20 हजार से ज्यादा लोग इससे प्रभावित हुए हैं। बिजली गिरने और आंधी तूफान से लगभग 6000 कच्चे और पक्के मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। वहीं 900 के करीब कच्चे और पक्के मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बताया जा रहा है कि दुकानों और कई संस्थानों को भी इसमें काफी नुकसान हुआ है। प्राधिकरण ने बचाव कार्य शुरू कर दिया है। असम के दीमा हसाओ जिले के केलोलो गांव के पास बड़े पैमाने पर भूस्खलन के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 54 ई पर कई वाहन फंस गए थे। नेशनल हाईवे पर भारी ट्रैफिक जाम देखा गया और कई वाहन कीचड़ में फंस गए। पिछले कुछ दिनों में लगातार बारिश के बाद पहाड़ी जिले में बड़े पैमाने पर भूस्खलन की घटना हो रही है। भूस्खलन से सड़क के कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए हैं और लोगों को भी आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि इसी तरह की स्थिति पिछले साल भी बारिश के मौसम में हुई थी। इस बीच, एनएचएआई और जिला प्रशासन मलबा हटाने और सड़क को साफ करने में जुटे हैं।

हुबली में भी हनुमान जन्मोत्सव के दिन भड़की हिंसा, मंदिर और पुलिस स्टेशन पर पथराव के बाद धारा 144 लागू

हुबली। देश के कई राज्यों में कल हनुमान जन्मोत्सव के बीच हिंसा की घटनाएं सामने आई है। इस बीच कर्नाटक में भी कल पुराने हुबली पुलिस स्टेशन पर भीड़ द्वारा पथराव करने के बाद शहर में धारा 144 लागू कर दी गई है। कल रात घटी इस घटना में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। बता दें कि थाने के बाहर जमा हुई भीड़ को अचानक हिंसक होते और पथराव करते देख पुलिस को लाठीचार्ज तक करना पड़ा। भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े जिसके बाद लोग हटना शुरू हुए और मामला ठंडा पड़ा। जानकारी के अनुसार भीड़ ने आपत्तिजनक व्हाट्सएप स्टेटस रखने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने के बाहर ये हिंसक प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों द्वारा पास के हनुमान मंदिर और एक अस्पताल से पथराव करने की भी खबरें हैं। पुलिस आयुक्त लाभू राम ने घटना की जानकारी देते हुए कहा, ठ पुराने हुबली पुलिस स्टेशन में पथराव की घटना हुई है जिसमें एक इंस्पेक्टर सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। पूरे शहर में धारा 144 लागू कर दी गई है और स्थिति नियंत्रण में है। मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। कर्नाटक के कोलार जिले में भी कुछ दिन पहले पथराव की घटना सामने आई थी। वहां के मुलबगल इलाके में रामनवमी पर निकाली जा रही शोभा यात्रा पर उपद्रवियों ने पथराव कर दिया था जिसके बाद तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। पुलिस ने हिंसा को बढ़ते देख पूरे जिले में धारा-144 लगा दी थी और 5 लोगों को इस मामले में गिरफ्तार भी कर लिया था। कल हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान दिल्ली के जहांगीरपुरी और उत्तराखंड के हरिद्वार में हिंसा की खबर सामने आई है। उपद्रवियों ने लोगों और वाहनों पर पथराव किया और आगजनी भी की जिसमें कई लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। इन दोनों राज्यों में हुई हिंसा के बाद उत्तर प्रदेश को भी हाई अलर्ट कर दिया गया है।

संक्षिप्त समाचार

अमरनाथ यात्रा से पूर्व एलओसी के पार आतंकी शिविरो लांचिंग पैड में हलचल तेज, भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर को गुलाम कश्मीर से अलग करने वाली नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बेशक बीते एक साल से खामोशी है, लेकिन श्री अमरनाथ यात्रा से पूर्व एलओसी के पार आतंकी शिविरों और लांचिंग पैड पर काफी हलचल हो रही है। संघर्ष विराम की आड़ में पाकिस्तानी सेना ने अपनी मोर्चेबंदी मजबूत करने के बाद आतंकी कैंप व लांचिंग पैड भी सक्रिय कर दिए हैं खुफिया सूत्रों के मुताबिक, करीब 80 आतंकी जिनमें से अधिकांश अफगानिस्तान से लौटे हैं, इस समय कश्मीर में घुसपैठ के लिए उचित मौके का इंतजार करते हुए विध्वंसकारी गतिविधियों की ट्रेनिंग में व्यस्त हैं। उन्हें पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों के एक दल के अलावा कुछ पुराने कश्मीरी आतंकी जम्मू-कश्मीर के मौजूदा हालात और परिस्थितियों से भी अवगत करा रहे हैं। वहीं, भारतीय सेना पाकिस्तान की इस साजिश को नाकाम बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। बता दें कि श्री अमरनाथ यात्रा 30 जून से शुरू हो रही है। हर बार पाकिस्तान और उसके आतंकी संगठन यात्रा में खलल डालने की साजिशें रचते हैं। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि पांच अगस्त, 2019 के बाद से भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना द्वारा संघर्ष विराम का उल्लंघन करने पर मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान की कई अग्रिम चौकियों को भारी नुकसान पहुंचा था। इसके अलावा उसके कई सैनिक भी मारे गए हैं। हालांकि पाकिस्तानी सेना ने 2019 से फरवरी 2020 तक एलओसी पर भारतीय कार्रवाई में मारे गए अपने सैनिकों की संख्या की कभी पुष्टि नहीं की है, लेकिन विभिन्न स्रोतों के मुताबिक, यह संख्या करीब 145 है। भारतीय कार्रवाई में लगातार होने वाले नुकसान को देखते हुए पाकिस्तानी सेना ने बीते साल फरवरी में एलओसी पर संघर्ष विराम समझौते की पुनर्बहाली की इच्छा जताई थी।

विधायक ब्यौहारी ने किया स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ सबके लिए स्वास्थ्य स्वस्थ्य जीवन का आधार- श्री शरद कोल

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश कुमार गुप्ता

शहडोल। 19 अप्रैल 2022- आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में स्वास्थ्य मेलों का आयोजन आज जनपद पंचायत ब्यौहारी के सिविल अस्पताल ब्यौहारी में किया गया। स्वास्थ्य मेलें का शुभारंभ ब्यौहारी श्री शरद कोल द्वारा किया गया। विधायक ब्यौहारी ने स्वास्थ्य मेलें का उद्घाटन करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत प्रदेष के सभी जिलों में स्वास्थ्य मेलें का आयोजन किया जा रहा है। इस स्वास्थ्य मेले का मुख्य उददेष्य सबके लिए स्वास्थ्य स्वस्थ्य जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि जिले में होने वाले स्वास्थ्य मेलें में अधिक से अधिक लोग आकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराएं और निःषुल्क उपचार पाएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मेले में जिन व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड. नही बना है वे अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें। ताकि स्वास्थ्य परीक्षण कराकर अपने हेल्थ आईडी भी बनवाएं जिससे उनके उपचार में आगे भी सुविधा होगी। विधायक ने स्वास्थ्य मेले में लगे स्टॉलों का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मेले में पंजीयन, एएनसी चेकअप, मलेरिया जांच, आयुष्मान कार्ड बनाना, हेल्थ आईडी बनाना, कुष्ठ रोग अंधत्व रोग, परिवार कल्याण कार्यक्रम आरबीएसके, आरकेएसके जांच स्टॉल, पैथालॉजी, हड्डी रोग, जनरल सर्जरी व षिषु रोग जांच एवं मानसिक रोग जांच के स्टॉल लगाए गए थें जिसमें आरबीएसके चिकित्सक सहित अन्य चिकित्सक सीएचओ, षिषु रोग विषेषज्ञ, मानसिक रोग विषेषज्ञ, अंधत्व रोग विषेषज्ञ, स्त्री रोग विषेषज्ञ सहित अन्य रोगों के विषेषज्ञ व चिकित्सक निःषुल्क चिकित्सकीय परामर्ष एवं उपचार प्रदान कर रहें है। स्वास्थ्य मेले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस पाण्डेय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी निषांत सिंह परिहार, तहसीलदार श्री अभयानंद शर्मा, नगर पंचायत बाणसागर अध्यक्ष श्री मोतीलाल वैस, मंडल अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सिंह वैस समाजसेवी श्री श्यामलाल तिवारी, डीपीएम श्री मनोज द्विवेदी, सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ, आषाकार्यकर्ता, ऑगनवाडी कार्यकर्ता एवं बडी संख्या में जनमानस उपस्थित रहा।

अमृत महोत्सव
अंतर्गत स्वास्थ्य मेला
शुभारम्भ
अप्रैल 2022

स्वच्छ भारत मिशन में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ला

नोएडा। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा पूरे देश में स्वच्छ भारत मिशन अभियान चलाकर हर स्तर पर स्वच्छता का आह्वान किया था। स्वच्छ प्रदेश, स्वस्थ प्रदेश के नारे के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रदेश में चलाये गये स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश देश के अन्य प्रदेशों से अग्रणी है। प्रदेश के गाँव-गाँव में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता की धरोहर को बनाये रखा जा रहा है। स्वच्छता आमजन की गरिमा और स्वास्थ्य का आधार है। स्वच्छता से होने वाले विभिन्न संक्रामक रोगों से छुटकारा मिल जाता है। प्रदेश के गाँवों, नगरों की नालों, नालियों, गन्दगी की सफाई से पनपने वाले डेंगू, मलेरिया, येलो बुखार, इंसेफेलाइटिस, चिकनगुनिया, जे0ई0 फाइलेरिया आदि संक्रामक रोगों के मच्छरों का सफाया हो रहा है। प्रदेश सरकार ने गाँवों में बाहर शौच करने से होने वाली गंदगी को पूर्णतः खत्म कर दिया है। आज हर घर में स्वच्छ शौचालय निर्मित हो गये हैं। उत्तर प्रदेश में वर्तमान सरकार ने स्वच्छ परिवेश देकर आमजनता को स्वस्थ बनाया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गाँवों, नगरों में बनाये जा रहे शौचालयों को 'इज्जतघर' नाम देकर लोकप्रिय बना दिया है। आज गाँवों में प्रत्येक पात्र व्यक्तिगत लाभार्थियों के घरों में इज्जतघर का निर्माण हो गया है। प्रदेश के सभी 75 जनपद खुले में शौच से मुक्त (ओ0डी0एफ0 प्लुस) घोषित हो चुके है। प्रदेश में गंगा किनारे के सभी गाँवों के प्रत्येक घरों में स्वच्छ शौचालय का निर्माण हो चुका है। प्रदेश में 2.61 करोड़ से अधिक व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कराते हुए 10 करोड़ लोगों को लाभान्वित किया गया है। गाँवों में अक्सर शादी विवाह व अन्य सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहते हैं। ऐसी स्थिति में सामुदायिक शौचालय की जरूरत पड़ती है। सरकार ने इन्हीं स्थितियों सहित गाँवों के लोगों के लिए प्रदेश के सभी 58758 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया है। इन सभी सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव एवं रोजगार सृजन के लिए स्वयं सहायता समूहों को हस्तांतरित किया गया है। प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं और बालिकाओं के लिए 4450 पिंक टायलेट का निर्माण करते हुए उन्हें सुविधाये प्रदान की है। ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक शौचालयों व अन्य ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता बनाये रखने के लिए प्रदेश सरकार ने 15 हजार महिला स्वच्छताग्रही एवं 70 हजार सामान्य स्वच्छताग्रही की तैनाती की है। इन स्वच्छताग्रहियों की तैनाती से स्वच्छता के साथ-साथ उन्हें रोजगार भी उपलब्ध कराया गया है। प्रदेश सरकार ने ग्रामीण स्वच्छता के साथ-साथ नगरों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया है। नगरों में चौराहो, प्रमुख बाजारों, अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर सार्वजनिक शौचालयों, सार्वजनिक प्रसाधन बनवाते हुए आमजन, महिलाओं, बालिकाओं को सुविधा प्रदान की है। सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में 59265 सामुदायिक शौचालयों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए 652 पिंक प्रसाधन का निर्माण किया है। नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता बनाये रखने, नाले-नालियों की सफाई करते रहने के लिए विशेष कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश के नगर निकायों के 12,007 वार्डी में से 11913 वार्डी में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन किया जा रहा है। इससे प्रत्येक मुहल्ला स्वच्छ और साफ नजर आ रहा है। कहीं गंदगी दिखाई नहीं पड़ रही है। प्रदेश के नगर निकायों में पेयजल व्यवस्था, सीवर एवं नाली का निर्माण कराते हुए नागरिकों को अच्छी सुविधा दी जा रही है। अमृत योजना के अंतर्गत प्रदेश के 60 नगरों में पेयजल, नाली, सीवर का निर्माण कराया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में स्वच्छ प्रदेश-स्वस्थ प्रदेश का नारा शत प्रतिशत चरितार्थ हुआ है।

देश में बढ़ती सांप्रदायिक घटनाओं के विरोध में माकपा कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ला

नोएडा। भाजपा आर एस एस द्वारा साजिश के तहत त्योहारों के अवसर पर पूरे देश में सांप्रदायिक हिंसा भड़काने व आपसी भाईचारा बिगाड़ने के खिलाफ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने 19 अप्रैल को पूरे देश में विरोध कार्यवाहियां करने का आह्वान किया। उक्त आह्वान के तहत सीपीआईएम नोएडा पार्टी कार्यकर्ताओं ने माकपा नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा, रामसागर, चंदा बेगम, पूनम देवी, रेखा चौहान, रमाकांत सिंह, भरत डेंजर के नेतृत्व में सेक्टर- 8, नोएडा बांस बल्ली मार्केट तिराहे पर धरना देकर जनता के सभी तबकों से शांति बनाए रखने और धर्म के नाम पर जनता को बांटने के प्रयासों को नाकाम करने की अपील किया।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)

14 मई को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत आपसी समझौते के प्रकरणों का होगा निराकरण

(आधुनिक समाचार सेवा)
दुर्गेश कुमार गुप्ता

शहडोल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं न्यायाधीश श्रीमती निशा विश्वकर्मा ने आज आगामी 14 मई 2022 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के परिपेक्ष्य में पत्रकारवार्ता का आयोजन कर बताया कि प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्षन में 14 मई को जिला न्यायालय शहडोल एवं तहसील के सिविल न्यायालयों ब्यौहारी, जयसिंहनगर एवं बुढार में नेशनल लोक आदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोक अदालत का मुख्य उददेश्य छोटे आपराधिक प्रकरणों सहित अन्य प्रकरणों का निराकरण करना है जिससे अदालतों में लंबित प्रकरणों में कमी लाई जा सकें और न्यायालयीन प्रकरणों की जल्द सुनवाई कर उनका निराकरण किया जा सकें। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अमित शर्मा ने बताया बताया कि न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों तथा ऐसे प्रकरण जो प्री-लिटिगेशन के दायरे में आते है उनका आपसी समझौते से निराकरण किया जाएगा। इन प्रकरणों का निराकरण होने पर न्याय फीस वापस हो जाती है और दोनों पक्षों की जीत होती है। नेशनल कि नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक, दीवानी, पारिवारिक, वैवाहिक, चेक बाउन्स, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण क्लेम प्रकरण, जिला न्यायालय में लंबित राजस्व प्रकरण व अन्य प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरण एवं बैंक रिकवरी, विद्युत, नगरपालिका के जलकर व संपत्तिकर संबंधित एवं बीएसएनएल के पूर्ववाद प्रकरणों एवं समझौता योग्य समस्त प्रकृति के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा । बैंक, विद्युत, नगरपालिका एवं बीएसएनएल के पूर्ववाद प्रकरणों में नियमानुसार छूट भी प्रदान की जावेगी तथा नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का आपसी राजीनामा से निराकरण करने पर पक्षकारों को न्याय शुल्क वापस हो जाता है, इस प्रकार सभी पक्षकारों को आर्थिक क्षति से बचाव होता है । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती निशा विश्वकर्मा ने आमजन से अपील है कि वे जिला शहडोल अंतर्गत अपने न्यायालय में चल रहे प्रकरणों एवं पूर्ववाद प्रकरणों का निराकरण उक्त नेशलन लोक अदालत के माध्यम से करवा कर लोक अदालत की सेवाओं का लाभ उठावें।

लखीमपुर खीरी केस : सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य अभियुक्त आशीष मिश्र पुत्र यूनियन मिनिस्टर अजय कुमार मिश्र टेनी की जमानत रद्द की।

(आधुनिक समाचार सेवा)

लखीमपुर। 18 से 23 अप्रैल के मध्य आयोजित हो रहे ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य मेले के क्रम में दूसरे दिन 19 अप्रैल को स्वास्थ्य मेले का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा, मऊआइमा, शंकरगढ़ एवं सोरांव में किया जायेगा।

बार एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर की कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन................

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ला

नोएडा। बार एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर की एक बैठक सेक्टर 148 स्थित वाणिज्यकर भवन में बार एसोसिएशन कार्यालय पर हुई जिसमें 2022 के लिए कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ । सर्वसम्मति से निर्विरोध रूप से संपूर्ण कार्यकारणी का गठन हुआ उक्त चुनाव बार के पेट्रोन व चुनाव अधिकारी आर पी यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें डी के शुक्ला अधिवक्ता अध्यक्ष ,नितिन यादव महासचिव, आर के सज्जन उपाध्यक्ष , मेहंदी हसन नकवी संयुक्त सचिव , मनीष भारद्वाज सचिव जीएसटी, फैयाज उल हक सचिव आयकर, मानव शर्मा सचिव सिविल व क्राइम , नीरज भारद्वाज कोषाध्यक्ष , राजीव कुमार कार्यकारिणी सदस्य , आलोक यादव कार्यकारिणी सदस्य, रेनू त्यागी कार्यकारिणी सदस्य को निर्विरोध रूप से पदाधिकारी घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी श्री आर पी यादव द्वारा नई कार्यकारिणी को कार्यभार सौंपा गया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नवनियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे । इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

खड़े गाड़ियों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ला

नोएडा। रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने सड़क किनारे खड़े वाहनों से डीजल-पेट्रोल चोरी करने वाले गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से बाल्टी, 01 प्लास्टिक का गैलन, 01कीप, 03 प्लास्टिक के पाइप, 01अवैध चाकू, 01 तमंचा 315 बोर व 04 जिन्दा कारतूस,01 बड़ा पेचकस, 01 टाटा डीसीएम बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया गिरोह के लोग हाईवे और सड़क पर पर खड़े वाहनों को निशाना बनाते थे। वहां चालक सड़क किनारे वाहनों को खड़ा कर जब आराम कर रहे होते तब ये वारदात को अंजाम देते थे। अगर वाहन चालक की नींद खुल जाती थी तो ये तमंचा दिखाकर ड्राइवर को डरा धमका कर चुप करा देते। इस गिरोह की सक्रियता की खबर कुछ दिन से मिल रही थी। जिसके बाद पुलिस ने इन्हें धर दबोचा। दथाना रबूपुरा पुलिस द्वारा,गाडियों में से डीजल चोरी करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 04 बाल्टी, 01 प्लास्टिक का गैलन, 01कीप, 03 प्लास्टिक के पाइप, 01अवैध चाकू, 01 तमंचा 315 बोर व 04 जिन्दा कारतूस,01 बड़ा पेचकस,01 टाटा डीसीएम बरामद। दिनांक 19.04.2022 को थाना रबूपुरा पुलिस द्वारा गाडियों में से डीजल चोरी करने वाले अभियुक्तों 1. हसनू पुत्र उमर मौहम्मद निवासी ग्राम मेहन्दीपुर थाना रबूपुरा गौतमबुद्धनगर 2. अफजाल पुत्र फैज मौहम्मद निवासी ग्राम खलसिया थाना कोतवाली देहात जिला बुलन्दशहर 3. नदीम पुत्र इन्साद निवासी ग्राम देहरा थाना धौलाना जिला हापुड़ को फलैदा कट यमुना एक्सप्रेसवे से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से कब्जे से 04 बाल्टी, 01 प्लास्टिक का गैलन, 01कीप, 03 प्लास्टिक के पाइप, 01अवैध चाकू, 01 तमंचा 315 बोर व 04 जिन्दा कारतूस,01 बड़ा पेचकस, 01 टाटा डीसीएम बरामद। अभियुक्तों द्वारा, रात्रि के समय जो वाहन चालक/ट्रक चालक आराम करने के लिये अपने ट्रक खडे कर आराम करने लगते है उनके वाहनों से अभियुक्तों द्वारा डीजल चोरी करने का कार्य किया जाता था यदि इनके चोरी करते समय चालक जाग जाये तो उनको तमंचे आदि से डरा धमका देते थे। अभियुक्तों द्वारा अपने डीसीएम में चोरी किये गये तेल को रखने के लिये अलग से 1000 लीटर का अतिरिक्त टैंक फिट करा रखा था अभियुक्तों का विवरण 1. हसनू पुत्र उमर मौहम्मद निवासी ग्राम मेहन्दीपुर थाना रबूपुरा गौतमबुद्धनगर 2. अफजाल पुत्र फैज मौहम्मद निवासी ग्राम खलसिया थाना कोतवाली देहात जिला बुलन्दशहर 3. नदीम पुत्र इन्साद निवासी ग्राम देहरा थाना धौलाना जिला हापुड़ गौतमबुद्धनगर पंजीकृत अभियोग का विवरण 1. मु0अ0स0 71/2022 धारा 398/401 भादवि0 थाना रबूपुरा कमिशन्रेट गौतमबुद्धनगर । 2. मु0अ0स0 72/2022 धारा 4/25 आयुद्ध अधि0 थाना रबूपुरा कमिशन्रेट गौतमबुद्धनगर । 3. मु0अ0स0 73/2022 धारा 3/25 आयुद्ध अधि0 थाना रबूपुरा कमिशन्रेट गौतमबुद्धनगर बरामदगी का विवरण 1. 04 बाल्टी, 2. 01 प्लास्टिक का गैलन 3. 01कीप 4. 03 प्लास्टिक के पाइप 5. 01अवैध चाकू, 6. 01 तमंचा 315 बोर व 04 जिन्दा कारतूस, 7. 01 बड़ा पेचकस, 8. 01 टाटा डीसीएम यूपी 16 जीटी 0459।

कोतवाली रबूपुरा
कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर

अखिल भारत हिन्दू महासभा ने भारत को अखंड हिन्दू राष्ट्र बनाने की मांग की

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ला

नोएडा। अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनन कुमार शर्मा ने पत्र लिखकर भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री एवं कानून मंत्री से भारत को अखंड हिन्दू राष्ट्र बनाने, हिंदी, हिन्दू व हिंदुस्थान का विकास करने, पाक अधिकृत कश्मीर को पुनः भारत में वापस लाने,समान नागरिक संहिता लागू करने, प्रभावी जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने, राष्ट्रीय स्तर पर गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध का कानून बनाने, पूजा स्थल कानून को अविलंब रद्द करने, श्रीकृष्ण जन्मभूमि,काशी विश्वनाथ मंदिर सहित देवस्थानों की मुक्ति,हिन्दू मठों व मंदिरों की संपत्ति की रक्षा करने, साधु-संतों व हिंदूवादी-राष्ट्रवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं की सुरक्षा,कश्मीर से विस्थापित हिंदुओं की घरवापसी कराने,लवजेहाद को बंद कर हिन्दू महिलाओं की रक्षा करने, गीता, रामायण, महाभारत, वेद एवं पुराण का प्रचार-प्रसार करने एवं प्राथमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रमों में सम्मिलित करने,धर्मांतरण नियंत्रण कानून बनाने एवं हिंदुओं के धर्मांतरण को तत्काल रोकने,भारत में मुस्लिम घुसपैठ को रोकने,अफगानिस्तान,पाकिस्तान,बांग्लादेश सहित विश्व के अन्य क्षेत्रों में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।उन्होंने घोषणा किया है कि अखंड हिंदू राष्ट्र की स्थापना करने के लिए अखिल भारत हिन्दू महासभा पूरे देश में जनजागरण यात्रा निकालेगी और हिंदुओं को एकजुट करेगी।उन्होंने कहा कि भारत में हिंदुओं पर हमले स्वीकार्य नहीं है।यदि कोई हिंदुओं और साधु-संतों पर हमले करेगा तो उसको करारा जवाब दिया जायेगा।उन्होंने मांग की कि हिन्दू मठों और मंदिरों की संपत्ति की रक्षा की जाएगी।उन्होंने केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से मांग की है कि हिन्दू मंदिरों की सम्पति का अधिग्रहण सरकार तत्काल बंद करे। अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनन कुमार शर्मा ने हिन्दू त्योहारों के अवसर पर मुस्लिम गुंडों द्वारा व्यवधान उत्पन्न करने एवं धार्मिक यात्राओं पर हमले करने की तीव्र निंदा की है।उन्होंने कहा कि यदि मुस्लिम समुदाय द्वारा हिंदुओं पर हमले होते रहे तो हिंदुओं को बदले की कार्यवाही करने से कोई नहीं रोक सकता है।यदि सरकार ने हिंदुओं को सुरक्षा नहीं दी और मुस्लिम अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की, तो हिन्दू महासभा हिंदुओं का सुरक्षा दस्ता बनाकर हिंदुओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा।

जहांगीरपुरी में अवैध निर्माण को लेकर एण् में सुनवाई कल,NDMC और स्थानीय लोगों की रहेगी नजर

नई दिल्ली। जहांगीरपुरी इलाके में उत्तरी दिल्ली नगर निगम (उ्श्ण) द्वारा की जा रही अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई बुधवार दोपहर साढ़े 12 बजे के बाद रोक दी गई। सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद उ्श्ण ने जहांगीरपुरी इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई रोकी है, क्योंकि कोर्ट की ओर से यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश आया है। अब सुप्रीम कोर्ट याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा। उधर, दिल्ली पुलिस के कानून एवं व्यवस्था के विशेष पुलिस आयुक्त दीपेंद्र पाठक का कहना है कि जहांगीरपुरी इलाके में अतिक्रमण विरोधी अभियान रोक दिया गया है। वहीं, किसी भी स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में दिल्ली पुलिस व अर्द्ध सैनिक बल के जवानों की तैनाती की गई है। वहीं, इससे जहांगीरपुरी इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के दौरान यहां पर मौजूद मस्जिद के सामने 12 से अधिक अवैध दुकानों को तोड़ा गया। इस बीच कुछ दूरी पर मंदिर के पास कुछ लोगों ने पथराव भी किया। सोनू राणा के अनुसार, मस्जिद के सामने हो रहे हैं अवैध निर्माण को हटाया गया है। इस बीच लेफ्ट की नेता वृंता करात भी जहांगीरपुरी के उस इलाके में पहुंचीं, जहां पर उत्तरी दिल्ली नगर निगम का तोड़फोड़ दस्ता कार्रवाई कर रहा था। उनका कहना है कि जब सुप्रीम कोर्ट ने यथा स्थिति बनाने का आदेश दिया है तो तोड़फोड़ की कार्रवाई क्यों जारी रखी गई बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के दौरान दिल्ली के जहांगीरपुरी में फिलहाल यथास्थिति बनाए रखने के लिए कहा। अतिक्रमण हटाने के अभियान के खिलाफ याचिका पर अब दोबारा बृहस्पतिवार को सुनवाई होगी। वहीं, जहांगीरपुरी इलाके में अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने पर सुप्रीम कोर्ट से रोक की सूचना के बाद मौके पर कार्रवाई रोक दी गई है। इस बाबत जहांगीरपुरी में मौजूद उत्तरी दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद फिलहाल कार्रवाई पर रोक लगाने की बात कही है। कुल मिलाकर उत्तरी दिल्ली नगर निगम की ओर से अतिमक्रमण हटाने की कार्रवाई रोक दी गई है।

इंतजार खत्म नेटफ्लिक्स पर इस तारीख को आएगी आलिया भट्ट की फिल्म

नई दिल्ली। सिनेमाघरों में तहलका मचाने के बाद आलिया भट्ट की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए तैयार है। गंगूबाई काठियावाड़ी 2022 में अब तक रिलीज हुई उन फिल्मों में शामिल है, जिन्होंने समीक्षकों की तारीफों के साथ बॉक्स ऑफिस पर भी दमदार प्रदर्शन किया। जो दर्शक फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख सके थे, उनके लिए अब ओटीटी पर देखने का अच्छा मौका है। बता दें, संजय लीला भंसाली निर्देशित फिल्म 11 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और साल 2022 की पहली फिल्म है, जो 100 करोड़ क्लब में पहुंची हो। इस फिल्म में गंगूबाई के टाइटल रोल के लिए आलिया को काफी तारीफें भी मिली थीं। अब गंगूबाई काठियावाड़ी नेटफ्लिक्स पर 26 अप्रैल को स्ट्रीम की जा रही है। प्लेटफॉर्म ने बुधवार को यह सूचना सोशल मीडिया के जरिए दी। गंगूबाई काठियावाड़ी, आलिया और संजय लीला भंसाली की पहली फिल्म है। गंगूबाई काठियावाड़ी पीरियड फिल्म है, जिसकी कहानी साठ-सत्तर के दौर में दिखायी गयी है। फिल्म एस हुसैन जैदी की किताब माफिया क्वींस ऑफ मुंबई के एक चैप्टर से ली गयी है। अजय देवगन ने फिल्में उस जमाने के अंडरवर्ल्ड डॉन पर आधारित है, जिन्होंने गंगूबाई का दबदबा कायम करने में मदद की थी। फिल्म में शांतनु माहेश्वरी और हुमा कुरैशी ने अहम किरदार निभाये हैं। गंगूबाई काठियावाड़ी को रिलीज से पहले कानूनी अड़चनो का सामना भी करना पड़ा था। गंगूबाई के परिजनों और मुंबई के कमाठीपुरा इलाके के लोगों ने फिल्म को लेकर आपत्ति दर्ज करवायी थी। टाइटल बदलने की मांग को लेकर अदालत की शरण भी ली थी। हालांकि, सभी कानूनी बाधाओं को पार करके फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी और बेहतरीन कलेक्शन किया। गंगूबाई काठियावाड़ी ने करीब 125 करोड़ का नेट कलेक्शन किया और 100 करोड़ क्लब में सोलो लीड रोल में आलिया की दूसरी 100 करोड़ी फिल्म है। इससे पहले राजी ने 100 करोड़ से अधिक बटोरे थे। आलिया भट्ट ने 14 अप्रैल को अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड रणबीर कपूर के साथ शादी कर ली।

बबली बाउंसर' के लिए जिम में जमकर बहाया पसीना, वीडियो देख फैंस ने कहा, 'ब्यूटीफुल और स्ट्रांग'

नई दिल्ली। फिल्म बाहुबली में नजर आ चुकी फिल्म एक्ट्रेस तमनन भाटिया अब जल्द फिल्म बबली बाउंसर में नजर आनेवाली हैत् अब उन्होंने अपनी एक तस्वीरें शेयर की हैत् इसमें उन्हें जिम में जमकर पसीना बहाते हुए देखा जा सकता हैत् वीडियो में तमनन ने वाइट कलर की टी-शर्ट और ब्लैक कलर की लेगिंग्स पहन रखी हैत् वह वेट लिफ्ट कर सिट अप्स करती नजर आ रही है तमनन भाटिया का यह वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया हैत् इसे 13 घंटे में 2 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैत् वीडियो शेयर करते हुए तमनन भाटिया ने लिखा है, 'मिलिए मिस बी से.. ' इसके साथ उन्होंने वर्कआउट की इमोजी भी शेयर की हैत् तमनन की वीडियो पर 1000 के करीब कमेंट्स भी किए गए हैत् कई लोगों ने इसपर दिल और आग की इमोजी भी शेयर की हैत् वहीं कई लोग नाइस, अमेजिंग, ब्यूटीफुल, फिटनेस फ्रिक तम्मू जैसे कमेंट्स भी कर रहे हैत् फिल्म बबली बाउंसर का निर्देशन मधुर भंडारकर करने वाले है तमनन भाटिया की वीडियो को देखकर फैंस अनुमान लगा रहे है कि यह उनकी आगामी फिल्म की तैयारी से जुड़ा हुआ भी हैत् बबली बाउंसर में तमनन भाटिया के अलावा सौरभ शुक्ला की भी अहम भूमिका हैत् इस फिल्म का निर्माण फॉक्स स्टूडियो और जंगली पिक्चर्स मिलकर कर रहे हैत् बबली बाउंसर हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी तमनन भाटिया की फिल्में काफी पसंद की गई हैत् वह कई कलाकारों के साथ काम कर चुकी हैत् वह अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती हैत् इसे लेकर उनके फैंस भी उत्साहित रहते हैत् तमनन भाटिया अक्सर अपने फैंस से बातचीत भी करती हैत् तमनन भाटिया दक्षिण भारत की भी कई फिल्मों में नजर आ चुकी है।

के जी एफ 2 ही नहीं ये फिल्में भी मचा चुकी हैं बॉक्स ऑफिस पर धमाल, जानें 5 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्में

नई दिल्ली। दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कनन्ड़ फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 ने धमाल मचाया हुआ है। यह फिल्म हर दिन शानदार कमाई कर रही है। इतना ही नहीं कमाई के मामले में केजीएफ 2 ने बॉक्स ऑफिस कई रिकॉर्ड भी कायम कर लिए हैं। ट्रेड एनालिस्ट्स को उम्मीद है कि अभिनेता यश की यह फिल्म आने वाले दिनों में और भी अच्छी कमाई करेगी। केजीएफ 2 पहली फिल्म नहीं जिसने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की है। इससे पहले भी कई बॉलीवुड फिल्में रही हैं जिन्होंने कमाई के कई रिकॉर्ड बनाए हैं। आज हम आपको उन्हीं फिल्मों के बारे में बताते हैं। इस फिल्म को भारतीय सिनेमा की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब हासिल है। फिल्म दंगल साल 2016 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में आमिर खान, फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा और साक्षी तंवर मुख्य भूमिका में थीं। बॉलीवुड मूविज रिव्यू वेबसाइट के अनुसार फिल्म दंगल ने वर्ल्ड वाइड 2023 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। साउथ सिनेमा की यह फिल्म साल 2017 में रिलीज हुई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड बनाए थे। 'बाहुबली: द कन्क्लूजन' में सुपरस्टार प्रभास, राणा दग्गुबती, रामया कृष्णन और अनुष्का शेट्टी जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म का निर्देशन एसएस राजामौली ने किया था। फिल्म 'बाहुबली: द कन्क्लूजन' ने ग्लोबली 1810 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म ने यह कमाई अपनी सभी भाषाओं को मिलाकर की थी। राम चरण, जूनियर एनटीआर, अजय देवगन और आलिया भट्ट अभिनीत यह फिल्म इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। रिलीज के बाद फिल्म आरआरआर ने बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई की। यही वजह है कि जो यह फिल्म भारतीय सिनेमा की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इस फिल्म ने अब तक सभी भाषाओं में 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। फिल्म आरआरआर का निर्देशन भी एसएस राजामौली ने किया है। यह बॉलीवुड की चौथी भारतीय फिल्म के जिसने दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई की है। फिल्म बजरंगी भाईजान ने दुनियाभर में 910 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है। इस फिल्म में अभिनेता सलमान खान, करीना कपूर और नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिका में थे। फिल्म बजरंगी भाईजान साल 2015 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी यह फिल्म भी हिंदी सिनेमा के सुपरस्टार आमिर खान की है। सीक्रेट सुपरस्टार एक लड़की के सपनों की कहानी है। इस फिल्म का निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया है। फिल्म सीक्रेट सुपरस्टार साल 2017 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में आमिर खान के साथ अभिनेत्री जायरा वसीम, मेहर वीज और राज अर्जुन जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। फिल्म सीक्रेट सुपरस्टार ने पूरी दुनिया में 858 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

शादी को बुरी नजर से बचाने के लिए ऐश्वर्या राय ने किया था ये काम, दिलचस्प है लव स्टोरी

नई दिल्ली। ऐश्वर्या राय बच्चन और उनके पति अभिषेक बच्चन बॉलीवुड के पावर कपल माने जाते हैं। दोनों की शादी आज के ही यानी कि 20 अप्रैल 2007 में हुई थी। ऐश्वर्या-अभिषेक की शादी को 15 साल हो चुके हैं, लेकिन दोनों का प्यार आज भी पहले जैसा ही है। दोनों अक्सर अपने फैन्स को कपल्स गोल देते हैं। ऐश्वर्या और अभिषेक ने जब शादी की खबर अब आई थी, तो हर कोई हैरान रह गया था। इन दोनों की शादी बड़े ही धूमधाम से अमिताभ बच्चन के प्रतीक्षा बंगले में पूरे रीति-रिवाजों के साथ हुई थी। ऐश्वर्या ने अपनी शादी को सफल बनाने के लिए हर रस्म को निभाया था। ऐश्वर्या राय ने हमेशा के लिए पति अभिषेक बच्चन का हाथ थामने से पहले पेड़ से शादी की थी, जिसको लेकर उस वक्त काफी जोरो शोरो से चर्चा थी। कई रिपोर्ट्स में ये कहा गया कि ऐश्वर्या राय बच्चन को मंगल दोष था, जिसकी वजह से दोनों की शादी-शुदा जिंदगी में अड़चन आने की काफी संभावनाएं थी। मांगलिक होने की वजह से और अभिषेक के साथ अपनी शादी को हर बुरी नजर से दूर रखने के लिए ऐश्वर्या राय ने पहले पीपल के पेड़ से शादी की थी, ताकि उनका मंगल दोष खत्म हो जाए। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की पहली मुलाकात फिल्म 'ढाई अक्षर प्रेम के' दौरान हुई थी। यह फिल्म साल 2000 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने तो बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं किया, लेकिन शूटिंग के दौरान ऐश्वर्या और अभिषेक के बीच में अच्छी दोस्ती हो गई। उस दौरान अभिषेक और ऐश्वर्या दोनों ही अलग-अलग लोगों को डेट कर रहे थे। जहां एक तरफ ऐश्वर्या की जिंदगी में उस समय सलमान खान थे तो वही अभिषेक की जिंदगी में करिश्मा कपूर।

शॉर्ट वन पीस ड्रेस में ढाया कह 'बोल्ड' ड्रेस में देख फैंस ने कहा, 'हाय'

नई दिल्ली। पलक तिवारी ने इंस्टाग्राम पर अपनी हालिया बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की है इसमें उन्हें पर्पल कलर की शार्ट वन पीस ड्रेस पहने देखा जा सकता हैत् इसमें वह काफी बोल्ड पोज देती नजर आ रही है पलक तिवारी ने कुल 4 तस्वीरें शेयर की हैत् पहली तस्वीर में वह कैमरे की ओर देखते हुए बोल्ड पोज देती हुई नजर आ रही हैंत् वहीं दूसरी फोटो में वह कमर पर हाथ रखकर बोल्ड पोज दे रही है इसमें उनके बाल भी खुले हुए हैं और हिल्स भी नजर आ रही हैंत् इसमें उनका स्लिम और टोंड फिगर भी नजर आ रहा हैत् तीसरी फोटो में पलक तिवारी अलग अंदाज में एक बार फिर पोज देती नजर आ रही है पलक तिवारी ने फोटो शेयर करते लिखा है, 'ए लिटिल लीलैक ओवर और मंगता है क्या 22 को आ रहा है इसके अलावा पलक तिवारी ने इसे कई लोगों को टैग भी किया हैत् पलक तिवारी की यह तस्वीर खबर लिखे जाने तक एक घंटे पहले इंस्टाग्राम पर शेयर की है जोकि बड़ी तेजी से वायरल हो गई हैत् इसे 1 घंटे में 45000 से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैंत् वहीं इसपर 290 के करीब कमेंट किए जा चुके हैंत् कई लोगों ने इसपर दिल और आग की इमोजी शेयर की हैत् वहीं कई लोगों ने हॉट, ब्यूटीफुल, अमेजिंग, नाइस, बोल्ड, एफर्टलेसली गॉजियस, सो ब्यूटीफुल, क्वीन, हाय और स्वीटहार्ट जैसे कमेंट किए हैं पलक तिवारी श्वेता तिवारी की बेटी हैंत् वह जल्द कई फिल्मों में नजर आने वाली हैत् हाल ही में उन्होंने अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैत् वह कई सिंगल्स में भी नजर आ चुकी हैत् वह जल्द आदित्य सील के साथ रंगीला फिल्म के गाने मांगता है क्या के रीमेक में नजर आएंगीत् हालांकि इस गाने को लेकर उन्हें ट्रोल भी किया गया है।

करीना कपूर खान ने मां बबीता कपूर के बर्थडे पर शेयर की थ्रोबैक फोटो, कहा 'मां से सुंदरी कोई नहीं है'

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान, करिश्मा कपूर की मां और अपने दौर की फेमस एक्ट्रेस बबीता कपूर बुधवार को अपना 74वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। इस खास मौके पर उनकी बेटी करीना ने खास अंजाद में शुभकामनाएं दी हैं। करीना कपूर खान ने अपनी मां को बर्थडे की शुभकामनाएं देते उन्हें इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पुरानी तस्वीर और एक पोस्ट साझा की है। एक्ट्रेस ने अपनी मां की थ्रोबैक तस्वीर शेयर कर इंस्टाग्राम पर लिखा, हैप्पी बर्थडे मदरशिप। मेरी मम्मा, मां की तरह कोई भी सुंदर नहीं हो सकता। करीना कपूर खान द्वारा शेयर इस तस्वीर को इंस्टाग्राम पर खूब पसंद किया जा रहा है और सेलेब्स कमेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, मलाइक ओरड़ा ने तस्वीर में कमेंट कर एक्ट्रेस को शुभकामनाएं देते हुए लिखा, क्या शानदार फोटो है, हैप्पी बर्थडे प्यारी बबीता आंटी। जबकि अमृता ओरड़ा, जोया अख्तर, सबा पटौदी, मनीष मल्होत्रा ने कमेंट कर करीना की मां को बर्थडे की शुभकामनाएं दी है। बात अगर करीना कपूर खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो अद्वैत चंदन द्वारा निर्देशित फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में आमिर खान और करीना कपूर खान मुख्य किरदार निभा रहे हैं। ये फिल्म में साल 1994 में आई अमेरिकी फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' का रीमेक है। ये फिल्म प्रोटागोनिस्ट्स की यात्रा के अलग-अलग टाइम पीरियड में फैली हुई है। वहीं, फिल्म में उस दौरान हुई कुछ राजनीतिक घटनाओं को भी दिखाया जाएगा। वायकॉम 18 स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म को भारत भर में 100 से अधिक स्थानों पर फिल्माया गया है। ये फिल्म अब 11 अगस्त, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

ऋषिकेश में गंगा में लगाई डुबकी, हाथ जोड़े पूजा करते आए नजर देखें वायरल वीडियो

नई दिल्ली। कटरीना कैफ के साथ शादी करने के बाद विकी कौशल अब एक बार फिर चर्चा में है अब उन्होंने ऋषिकेश में गंगा नदी में डुबकी लगाई हैत् इसके साथ वह पूजा करते भी नजर आएत् विकी कौशल दरअसल पिछले कुछ दिनों से ऋषिकेश में शूटिंग कर रहे हैं विकी कौशल मसूरी जा रहे हैं, जहां उन्होंने अब ऋषिकेश से एक वीडियो शेयर किया है वीडियो में विकी कौशल को गंगा नदी में डुबकी लगाते हुए देखा जा सकता हैत् इसके साथ वह हाथ जोड़े पूजा भी कर रहे हैं उनका यह वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया है इंस्टाग्राम पर इसे खबर लिखे जाने तक 3 घंटे में 7 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं वहीं इसपर साढ़े 3 हजार से ज्यादा कमेंट किए जा चुके ह विकी कौशल ने वीडियो शेयर करते हुए 'हर-हर गंगे' लिखा है इसके साथ उन्होंने हाथ जोड़ने वाली इमोजी भी शेयर की है उन्होंने हैशटैग में ऋषिकेश लिखा है उनकी यह वीडियो बड़ी तेजी से वायरल हो रही हैत् सिद्धांत चतुर्वेदी ने हाथ जोड़ने वाली इमोजी शेयर की है वहीं कई लोगों ने दिल और आग की इमोजी भी शेयर की हैत् वहीं कई लोग हर हर गंगे भी लिख रहे हैं एक फैन ने ओम नमः शिवाय लिखा है एक फैन ने लिखा है, 'रोज-रोज कैसे दिल आ जाता है तुम पर विकी कौशल ने कटरीना कैफ से शादी कर ली हैत् दोनों इसके पहले लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट कर रहे थे हालांकि उन्होंने कभी इस बात की पुष्टि नहीं की थी शादी के बाद दोनों न सिर्फ अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया, बल्कि लोगों के सामने भी आए थे।

दसवीं एक्ट्रेस निमरत कौर ने फैट टू फिट की तस्वीर की शेयर, सितारों ने ट्रांसफॉर्मेशन देख की जमकर तारीफ

नई दिल्ली। बॉलीवुड की बहु प्रतिभाशाली अभिनेत्री निमरत कौर फिल्मों का फिल्मों में छोटा रोल हो या बड़ा, वह अपने किरदार की छाप लोगों के दिलों पर छोड़ ही जाती हैं। निमरत कौर एक लंबे समय के बाद अभिषेक बच्चन और यामी गौतम स्टारर फिल्म 'दसवीं' में अहम भूमिका में नजर आई थीं। उनकी फिल्म को लोगों ने खूब प्यार दिया। इस फिल्म के लिए निमरत ने 15 किलो वजन बढ़ाया था। अब हाल ही में निमरत ने सोशल मीडिया पर फैट टू फिट होने की एक तस्वीर शेयर करके बॉडी शेमिंग करने वालों को जवाब दिया। उनका ट्रांसफॉर्मेशन देखकर सितारों ने भी अभिनेत्री की जमकर तारीफ की। निमरत कौर ने अपने इंस्टाग्राम पर कोलाज बनाकर एक तस्वीर शेयर की है। पहली तस्वीर में निमरत कौर का वजन साफ तौर पर बढ़ा हुआ देखा जा सकता है। लेकिन फिल्म के लिए वेट बढ़ाने के लिए निमरत ने जिस तरह से उसे घटाने और शेप में वापस आने के लिए मेहनत की है, वह वाकई प्रेरणादायक है। इस कोलाज तस्वीर को शेयर करते हुए निमरत ने अपने इंस्टाग्राम पर एक नोट शेयर करते हुए अपनी भावनाएं भी व्यक्त की और साथ ही हर महिला से ये गुजारिश भी की कि वह अन्य लोगों की बात न सुने। निमरत ने अपने नोट में लिखा, 'हम एक ऐसी उम्र में हैं, जहां लोगों को हमसे बहुत ही उम्मीद है जैसे हमें हर समय कैसा दिखना चाहिए। मैं अपनी जिंदगी का एक ऐसा छोटा सा चैप्टर आप लोगों के साथ शेयर कर रही हूं, जो मेरे लिए जिंदगी भर एक सीख रहेगा'। निमरत ने अपनी इस पोस्ट में आगे कहा कि वह एक छोटे से बॉडी टाइप के साथ बड़ी हुई और अब उनका बॉडी साइज मीडियम है, लेकिन उन्हें फिल्म दसवीं के लिए अपने बॉडी साइज को अपने आम बॉडी शेप से अधिक बढ़ाना था। शुरुआत में प्रोसेस समझने से पहले उन्हें वजन बढाने की बात सुनकर थोड़ी हिचकिचाहट हुई थी। लोगों ने उन्हें वजन बढ़ाने के लिए अलग-अलग सलाह भी दी, किसी ने उन पर भद्दी टिप्पणी की तो किसी ने खाने को लेकर कहा। निमरत ने अपनी इस पोस्ट में आगे अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए लिखा, 'वजन बढ़ाना और घटाना इस पूरी एक्सरसाइज में एक लड़की और एक्ट्रेस के तौर पर ये सीखा, कि किसी और की बात पर ध्यान न देते हुए खुद पर काम करना जरुरी है। अपने इस सफर को पूरा कर शारीरिक रूप से मैं जैसी थी वैसी हो चुकी हूं, लेकिन इस दौरान मैंने ये सीखा है कि दूसरे हमारे बारे में क्या राय रखते हैं इस चीज को खुद पर हावी नहीं होने देना, क्योंकि वह हमारे खुद के साथ हमारा रिश्ता डिसाइड नहीं करेंगे'। निमरत कौर ने अपनी पोस्ट को खत्म करते हुए लिखा, 'दयालु और संवेदनशील और अच्छे बनिए। किसी का दिन खराब न करें अगर उसे अच्छा नहीं बना सकते तो। सिर्फ आप अपने शरीर और अपने दिमाग को समझ सकते हैं, कोई और नहीं'। निमरत कौर की फैट टू फिट तस्वीर को देखने के बाद उनके ट्रांसफॉर्मेशन की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। परिणीती चोपड़ा ने कमेंट करते हुए लिखा, 'लव यू माय गर्ल'। डायना पेंटी ने लिखा, 'बिलकुल सही बात कही'। अक्षय ओबेरॉय ने कमेंट करते हुए लिखा, 'यह बहुत ही शानदार बात कही है, तुम में हमेशा सही बात कहने की हिम्मत है। इन सितारों के अलावा वाणी कपूर, आथिया शेट्टी, सोफी चौधरी, अभिनव शुक्ला सहित कई सितारों ने निमरत की तारीफों के पुल बांधे।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।

आधुनिक समाचार
हिन्दी दैनिक

बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

पूछे गए सवाल

प्रश्न- नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।

उत्तर- नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

प्रश्न- नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

उत्तर- वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

प्रश्न- नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?

उत्तर- कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

प्रश्न- आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

उत्तर- नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।

आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTER
NAINI, PRAYAGRAJ

आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTER
NAINI, PRAYAGRAJ

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTER

स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।

बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य



अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह

ISO 9001-2008 CERTIFIED
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
www.nainiiti.com

STUDENT LOBBY
PRINCIPAL OFFICE

एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।

PRAISE THE LORD

आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।

मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।

नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।

अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।

कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रस्तावित व्यवसायों में अगस्त 2021में प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कन्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्युनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रकिया :– इस प्रकिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रकिया :– इस प्रकिया में प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय में सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुल्सीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल,
एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करे :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734,
7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274